

भारत ने पहली बार स्क्वाश विश्व कप का खिताब जीता पृष्ठ 8

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# जांच समिति ने साल्ट लेक स्टेडियम में हुए नुकसान का लिया जायजा



**कोलकाता, समाज्ञा :** सॉल्टलेक स्टेडियम में मची अफरा-तफरी की जांच के लिए रविवार को जांच समिति के सदस्यों ने घटनास्थल का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। समिति में शामिल मुख्य सचिव मनोज पंत ने संवाददाताओं को बताया कि 15 दिनों के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने की उम्मीद है। अधिकारियों के मुताबिक, तीन सदस्यीय टीम ने स्टेडियम के जमीनी निरीक्षण के दौरान टूटी हुई प्लास्टिक की कुर्सियों, मुड़े हुए धातु के अवरोधक और कूड़े से भरी गैलरी का जायजा लिया। कलकत्ता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशीष कुमार राय के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने उस स्थान से अपना निरीक्षण शुरू किया, जहां से मेस्सी ने विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में प्रवेश किया था। समिति के सदस्यों ने पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए स्टेडियम के अंदर उन स्थानों का जायजा लिया, जहां मेस्सी गए। पंत ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम 15 दिनों के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत कर देंगे। यह घटना कल हुई थी और हम स्थिति का जायजा लेने के लिए अगले दिन यहां आए हैं। कृपया हमें थोड़ा समय दें। उन्होंने कहा कि दिन के दौरान घटनास्थल के विभिन्न हिस्सों की वीडियोग्राफी की गई और बाद में जांच की आवश्यकताओं के अनुसार यह जारी रहेगी। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राय ने कहा कि आज हम आए और हमने निरीक्षण किया। हम फिलहाल मीडिया के साथ कोई भी जानकारी साझा नहीं कर सकते। अधिकारियों के मुताबिक, मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती सहित समिति के सदस्यों ने 13 दिसंबर के कार्यक्रम के दौरान प्रवेश गलियारों, सुरक्षा व्यवस्थाओं और आसपास की दीर्घाओं का निरीक्षण किया। एक अधिकारी ने बताया कि सफाई और मरम्मत का काम रोक दिया गया ताकि समिति के सदस्य नुकसान की सीमा का आकलन कर सकें और उस घटनाक्रम की जांच कर सके जिसके कारण अराजकता फैली।

## मुख्य आयोजक को 14 दिन की पुलिस हिरासत



### कोर्ट में पेशी के दौरान भाजपा समर्थकों ने किया विरोध प्रदर्शन

कोलकाता की एक अदालत ने अर्जेंटीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान मची अफरा-तफरी के सिलसिले में इसके मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। बता दें कि कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम में शनिवार को आयोजित लियोनेल मेस्सी के फुटबॉल कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। आयोजन स्थल पर मची व्यापक अफरा-तफरी के बाद यह कार्रवाई की गई, जिसके कारण अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान लियोनेल मेस्सी को मैदान छोड़कर समय से पहले ही लौटना पड़ा। बिधाननगर पुलिस ने स्टेडियम में मची अफरा-तफरी का स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यक्रम 'कुप्रबंधन' के आरोप में सताद्रु दत्ता को कोलकाता हवाई अड्डे से ही गिरफ्तार कर लिया जहां वह मेस्सी और उनके साथ मौजूद अन्य लोगों को हैदराबाद जाते समय विदा करने गए थे।

इस दिन, कोर्ट में सुनवाई में दत्ता की ओर से पेश हुए वकील ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल को फंसाया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए सरकारी वकील ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजक भीड़ की आवाजाही के लिए जिम्मेदार थे, और आयोजनकर्ताओं की टीम के सदस्य मैदान में इस तरह घूम रहे थे कि दीर्घा में बैठे दर्शक अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान को नहीं देख पा रहे थे। उन्होंने कहा कि मेस्सी के सख्त घेरे में रहने से कई दर्शक निराश हुए, जिसके कारण तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। सरकारी वकील ने दत्ता की 14 दिन की पुलिस हिरासत की मांग की। सरकारी वकील की अपील का विरोध करते हुए दत्ता के वकील ने कहा कि 14 दिन की हिरासत की कोई आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि सुनवाई के बाद अदालत ने दत्ता को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दत्ता के वकील ने उनकी गिरफ्तारी के आधार पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि अगले 14 दिन में पुलिस जांच से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। दत्ता को जब अदालत ले जाया गया तो भाजपा के समर्थकों ने अदालत के बाहर प्रदर्शन किया।

## नाटो में शामिल नहीं होगा यूक्रेन, क्षेत्र छोड़ने के लिए अमेरिकी दबाव नहीं चाहते: जेलेंस्की

**बर्लिन :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को पश्चिमी देशों से सुरक्षा गारंटी मिलने पर नाटो में शामिल नहीं होने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका उन पर रूस को क्षेत्र सौंपने के लिए दबाव न बनाए। जेलेंस्की युद्ध समाप्ति पर अमेरिका के राजनयिकों के साथ बातचीत के लिए बर्लिन पहुंचे थे। जेलेंस्की, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर के साथ होने वाली अपेक्षित वार्ता से पहले चांसलरी पहुंचे। बर्लिन में हुई यह वार्ता यूक्रेन, अमेरिका और यूरोपीय अधिकारियों के बीच होने वाली सिलसिलेवार बैठकों का हिस्सा है।

## भारत ने श्रीलंका को आवश्यक दवाइयां भेजीं

**कोलंबो :** भारत ने रविवार को श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्रालय को 17 आवश्यक दवाओं की 25 टन खेप और 14,200 किलोग्राम से अधिक सूखे खाद्य पदार्थों का दान दिया है ताकि विनाशकारी चक्रवाती तूफान 'दित्वा' के बाद हालात से बेहतर ढंग से निपटने में मदद मिल सके। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।

**मुंबई में भी हिट रहा लियोनेल मेस्सी का शो**

# मेस्सी का मुंबई आना मुंबई और भारत के लिए एक सुनहरा पल है: तेंदुलकर

### आज प्रधानमंत्री मोदी के अलावा, मेस्सी दिल्ली में मुख्य न्यायाधीश ओंर सेना प्रमुख से मुलाकात करेंगे



**मुंबई :** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को अर्जेंटीना के फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी के मुंबई दौरे को शहर और देश के लिए एक सुनहरा पल बताया। तेंदुलकर ने इसी मैदान पर 2011 क्रिकेट विश्व कप की जीत की तुलना मेस्सी के दौरे से की जो अपने इंटर मियामी टीम के साथी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ पहुंचे। तेंदुलकर ने भारत की वनडे विश्व कप जीत का जिक्र करते हुए यह बात कही जिसमें उन्होंने बड़ी भूमिका अदा की थी। उन्होंने कहा, ''मैंने यहां कुछ अविश्वसनीय पल बिताए हैं। जैसा कि हम कहते हैं, मुंबई सपनों का शहर है। और इस जगह पर कई सपने पूरे हुए हैं। और आपके समर्थन के बिना, हम 2011 में इस मैदान पर उन सुनहरे पलों को कभी नहीं देख पाते।'' उन्होंने कहा, ''और आज, इन तीन महान हस्तियों का यहां होना वाकई मुंबई, मुंबईवासियों और भारत के लिए एक सुनहरा पल है। जिस तरह से आपने खेल के इन तीनों महान खिलाड़ियों का स्वागत किया है, वह सच में कमाल का है।'' मेस्सी के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, ''जहां तक 'लियो' (मेस्सी) की बात है तो अगर मुझे उनके खेल के बारे में बात करनी है तो यह सही मंच नहीं होगा। और आप जानते हैं, उनके बारे में कोई क्या बात करे? उन्होंने सब कुछ हासिल कर लिया है। हम सच में उनकी लगन, दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता की तारीफ करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''और सबसे बढ़कर उनकी विनम्रता की, वह जिस तरह के इंसान हैं। और मुंबईवासियों और भारतीयों की ओर से, मैं उन्हें और उनके परिवार को अच्छे स्वास्थ्य और आप सभी को खुशी की शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यहां आने और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक बार फिर धन्यवाद।''

## नौसेना 17 दिसंबर को दूसरे एमएच-60आर हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन को सेवा में शामिल करेगी

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना 17 दिसंबर को अपने दूसरे एमएच-60आर हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन – आईएनएएस 335 (ओस्प्रे) – को सेवा में शामिल करेगी, जिससे उसकी विमानन क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उन्नत हथियार और सेंसर इस हेलीकॉप्टर को नौसेना के लिए एक बहुउपयोगी बनाते हैं। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि गोवा स्थित आईएनएस हंसा पर 17 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में दूसरे एमएच-60आर हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन – आईएनएएस 335 (ओस्प्रे) – को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की उपस्थिति में औपचारिक रूप से सेवा में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अवसर नौसेना के आधुनिकीकरण और क्षमता वृद्धि के निरंतर प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा।

## बिहार के मंत्री नितिन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नबीन को इस पद के लिए चुना है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक बयान में कहा, भाजपा के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को तत्काल प्रभाव से भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। कायस्थ समुदाय से संबंध रखने वाले नबीन (45) के मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी बनने की संभावना है और पार्टी नेताओं के अनुसार, वह इस पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा नेताओं में से एक हैं। नबीन पांच बार के विधायक हैं। वर्तमान में वह बिहार में पथ निर्माण मंत्री और पटना के बांकीपुर से विधायक हैं। वह पहले भी कई बार मंत्री रहे हैं। नड्डा को जनवरी 2020 में भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और वह अपना पूरा कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। नड्डा को 2024 के लोकसभा चुनावों तक पार्टी का नेतृत्व करने के लिए कार्यकाल विस्तार दिया गया था। नबीन को उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्होंने एक मेहनती कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्टता साबित की है और विश्वास व्यक्त किया कि उनकी ऊर्जा और समर्पण पार्टी को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, वह एक युवा और कर्मठ नेता हैं जिनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है और बिहार में कई बार विधायक एवं मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लगन से काम किया है।

# सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय के उत्सव में गोलीबारी, 16 लोगों की मौत



**सिडनी :** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर रविवार को यहूदी समुदाय के उत्सव के दौरान दो बंदूकधारियों की अंधाधुंध गोलीबारी में 16 लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया जबकि एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। सिडनी के न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त एम. लेनयॉन ने बताया कि इस हमले में दो पुलिस अधिकारियों समेत 38 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। राज्य प्रमुख क्रिस मिन्स ने कहा, ''इस हमले का निशाना सिडनी का यहूदी समुदाय था।'' यहूदी त्योहार हनुक्का की शुरुआत का जश्न मनाने के लिए सैकड़ों लोग बॉन्डी बीच पर 'चानुका बाय द सी' नामक कार्यक्रम के लिए एकत्र हुए थे। ऑस्ट्रेलियाई टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित फुटेज में देखा जा सकता है कि कोई व्यक्ति बंदूकधारियों में से एक को पकड़कर उससे हथियार छीन लेता है और फिर वही हथियार उस पर तान देता है। मेलबर्न निवासी 32 वर्षीय लाचलान मोरान ने बताया कि वह पास ही में अपने परिवार का इंतजार कर रहे थे, तभी उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी। उन्होंने कहा, ''सब लोग अपना सारा सामान छोड़कर भागने लगे, लोग रो रहे थे, और यह सब बहुत भयानक था।''

## प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में हुए आतंकी हमले की निंदा की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और दुख की इस घड़ी में वहां के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर आज हुए उस भयावह आतंकवादी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें यहूदी पर्व हनुक्का के पहले दिन का जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाया गया।'' उन्होंने कहा, ''भारत की जनता की ओर से, मैं उन परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया की जनता के साथ एकजुटता से खड़े हैं।''

## हमले का पाकिस्तान कनेक्शन!

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बोंडी बीच पर हुए आतंकवादी हमले की भारत, इटली, अमेरिका, फ्रांस सहित दुनिया के कई देशों ने जहां कड़ी निंदा की है। वहीं, इस घटना में अब पाकिस्तान का कनेक्शन भी सामने आया है। दरअसल, सिडनी के एक वरिष्ठ कानून प्रवर्तन अधिकारी ने कहा कि बोंडी बीच गोलीबारी के कथित आरोपियों में से एक की पहचान सिडनी के बॉनिरिग निवासी नवीद अकरम के रूप में हुई है, जो मूल रूप से पाकिस्तान के लौहार का रहने वाला है। सोशल मीडिया पर शूटर नवीद अकरम की तस्वीर वायरल होने के बाद कई तरह की बातें सामने आ रही है, जबकि ऑनलाइन सामने आई एक लाइसेंस की फोटो में नवीद पाकिस्तान के क्रिकेट टीम की जर्सी पहने नजर आ रहा है। दरअसल, शूटर नवीद अकरम ने इस्लामाबाद की एक यूनिवर्सिटी में पहले पढ़ाई कर चुका है और उसने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के अल-मुराद इंस्टीट्यूट में भी पढ़ाई की थी।

## कोविड-19 टीकाकरण और युवाओं की अचानक मौत के बीच कोई वैज्ञानिक संबंध नहीं: एम्स

**नयी दिल्ली :** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एम्स) में किए गए एक वर्षीय शव परीक्षण-आधारित अध्ययन में कोविड-19 टीकाकरण और युवाओं की अचानक मौत के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया। इस अध्ययन से कोविड के टीकों की सुरक्षा की पुष्टि होती है। अध्ययन के मुताबिक, युवाओं की अचानक मौत एक गंभीर चिंता का विषय है, जिसके लिए लक्षित जन स्वास्थ्य रणनीतियों की आवश्यकता है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि कोरोनरी धमनी रोग इसका प्रमुख कारण बना हुआ है और श्वसन संबंधी व अज्ञात कारणों से होने वाली मौतों के कारणों की जांच की जानी चाहिए। 'बर्डन ऑफ सडन डेथ इन यंग एडल्टस : ए वन ईयर ऑब्जर्वेशन्ल स्टडी एट ए टर्शरी केयर सेंटर इन इंडिया' शीर्षक वाला यह अध्ययन भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की प्रमुख पत्रिका 'इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च' (आईजेएमआर) में प्रकाशित हुआ है। इस शोध में विशेषज्ञों की एक बहुविषयक टीम द्वारा शव परीक्षण, पोस्टमार्टम इमेजिंग, पारंपरिक शव परीक्षण और ऊतक विकृति परीक्षण के माध्यम से अचानक होने वाली मौतों के मामलों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। अध्ययन में एक वर्ष की अवधि में 18 से 45 वर्ष की आयु के वयस्कों की अचानक हुई मौतों की जांच की गई। अध्ययन में बताया गया कि युवा आबादी में कोविड-19 टीकाकरण की स्थिति और अचानक हुई मौतों के बीच कोई सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया।

## प्रौद्योगिकी मनुष्यों की निर्णय क्षमता को बढ़ाये, न कि उनकी जगह ले: प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत

**कटक :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि प्रौद्योगिकी को मानवीय निर्णय क्षमता को बढ़ाना चाहिए, न कि उसका स्थान लेना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश यहां 'आम आदमी के लिए न्याय सुनिश्चित करना: मुकदमेबाजी की लागत और देरी को कम करने की रणनीतियां' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, अदालतों में लंबित मामलों से न्यायिक संरचना के हर स्तर पर, अधीनस्थ न्यायालय से लेकर संवैधानिक अदालत तक, बाधा उत्पन्न होती है। और जब शीर्ष स्तर पर बाधा उत्पन्न होती है, तो नीचे दबाव और भी बढ़ जाता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने लंबित मामलों को कम करने के लिए न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि पर्याप्त अदालतों के बिना ईमानदार न्यायिक प्रणाली भी अवसंरचना संबंधी दबाव के कारण ध्वस्त हो जाएगी।

**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी**

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन




**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho






A Fresh Reason to Return...!
- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## निष्क्रिय इच्छामृत्यु पर सुप्रीम राय

देश में लंबे समय से यह मुद्दा सार्वजनिक विमर्श में रहा है कि विषम परिस्थितियों में एक त्रासदी से मुक्ति हेतु इच्छामृत्यु की अनुमति दी जाए या नहीं। समय-समय पर अदालती फैसलों ने मार्गदर्शक भूमिका निभाई है। साथ ही कोशिश की गई है कि इस छूट का दुरुपयोग न किया जा सके। हाल ही में एक ज्वलंत प्रसंग पर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट टिप्पणी थी कि हमें अब कुछ करना होगा, इस तरह के त्रासद जीवन की कोई तार्किकता नहीं है। दरअसल, यह मामला एक 32 वर्षीय युवक का है, जो पिछले 13 सालों से कोमा जैसी स्थिति में है। यह अब केवल महज चिकित्सीय त्रासदी का मामला नहीं रह गया है। अब यह एक महत्वपूर्ण कानूनी और नैतिक प्रश्न भी बन चुका है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत की टिप्पणी देश में जीवन के अंतिम क्षणों में गरिमापूर्ण व्यवहार के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। निश्चय ही यह प्रसंग अतीत में बहुचर्चित अरुणा शानबाग के मामले की यादें फिर से ताजा कर देता है। इस प्रसंग ने ही देश को पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु के प्रश्न का सामना करने के लिये बाध्य किया था। वर्ष 2011 में, सुप्रीम कोर्ट ने अरुणा शानबाग के मामले में फैसला सुनाते हुए, सैद्धांतिक रूप से निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। दरअसल, अरुणा शानबाग एक भयानक हमले के बाद से ही 42 वर्षों से कोमा जैसी स्थिति में रही थीं। भले ही अदालत ने इस मामले में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी, लेकिन साथ ही उसके साथ कुछ प्रतिबंधात्मक सुरक्षा उपायों के अनुपालन के भी निर्देश दिए थे। निश्चित रूप से इस मामले में अदालती फैसला नैतिक प्रेरणा का स्रोत भी बना। कालांतर में जिसके चलते वर्ष 2018 में एक संविधान पीठ ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता प्रदान की। साथ ही इसके लिये एक आवश्यक प्रक्रिया भी निर्धारित की थी। जिसका मकसद था कि समाज में कहीं इस छूट का दुरुपयोग आपराधिक स्वार्थों के लिये न किया जा सके।

वर्ष 2023 में, अदालत ने इन दिशानिर्देशों को और सरल बनाने का प्रयास किया। जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि प्राथमिक और माध्यमिक चिकित्सा बोर्डों द्वारा स्थिति के मूल्यांकन की आवश्यकता रहेगी। फिलहाल देश में वही प्रक्रिया आज भी चल रही है। बहरहाल, वर्तमान मामले में बार-बार की गई अपीलें, इससे जुड़ी खामियों को भी उजागर करती हैं। दरअसल, ऐसे मामलों में पीड़ित को घर में दी जाने वाली देखभाल अपर्याप्त ही साबित होती है। वहीं दूसरी ओर राज्य का समर्थन भी पर्याप्त नहीं रहा है। इसके अलावा ऐसे मामलों से जुड़ी अनसुलझी नैतिक दुविधाएं असमंजस की स्थिति पैदा करती रही हैं। निस्संदेह, इस मामले में किसी युवा वयस्क के लिये निष्क्रिय इच्छामृत्यु की पहली स्पष्ट स्वीकृति हो सकती है। आज देश में हजारों मरीज कोमा जैसी अवस्था में नारकीय जीवन जी रहे हैं। जो उनके परिवारों के लिये भी एक त्रासदी की स्थिति है। जहां परिवार एक ओर भावनात्मक संकट से जूझ रहे होते हैं, वहीं रोगी के उपचार से जनित आर्थिक बोझ भी निरंतर बढ़ता जाता है। दूसरी ओर संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमापूर्ण मृत्यु के अधिकार पर भी सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, अदालत को जटिल परिस्थितियों में जैविक अस्तित्व के कठोर विस्तार के बजाय रोगी की मुक्ति और परिवार की पीड़ा को प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसे में यदि एम्स 17 दिसंबर तक मामले में जीवन की निरर्थकता की पुष्टि करता है, तो निष्क्रिय इच्छामृत्यु की स्वीकृति एक मिसाल कायम कर सकती है। इसके बाद दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा उपायों को भी स्पष्ट किया जा सकेगा। साथ ही जीवन के अंतिम विकल्पों का सम्मान किया जा सकेगा। देश के नीति-नियंताओं को कोमा जैसी अवस्था में सालों जूझते लोगों के मामले में स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाने चाहिए, जिससे ऐसे रोगियों की उपचारात्मक देखभाल और परामर्श को एकीकृत किया जा सके। मानवीय करुणा की मांग है कि जीवन की पवित्रता और पीड़ा की क्रूरता के बीच संतुलन बनाया जाए। इच्छामृत्यु जब सहमति से होगी तो मानवता को कायम रखा जा सकता है। न्यायपालिका को ऐसा न्याय देना चाहिए, जो रोगी को पीड़ा से मुक्त करे और एक करुणामय भविष्य का मार्ग प्रशस्त करे।मेष राशि करियर राशिफल

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 दिसम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष एकादशी, 21:20 तक, नक्षत्र : चित्रा, 11:03 तक, योग : शोभना, 12:28 तक, सूर्योदय: 06:08, सूर्यास्त: 16:54, चन्द्रोदय : 01:57, चन्द्रास्त: 13:26, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 07:32 से 08:52

## राशिफल

**मेष :** राशि स्वामी मंगल, धुन राशि पर आ चुके हैं। चंद्रमा आज सप्तम भाव में होने से घर के लिए उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है।

**वृष :** राशि का स्वामी शुक्र सप्तम भाव में और राहु कुंभ राशि का होकर दशम राज्य भाव में होने से जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनीतिक सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आज राशि से पंचम भाव में चन्द्रमा मन संतोष का देने वाला है। षष्ठम भाव में बुध से व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। मैत्री संबंध मधुर होंगे।

**कर्क :** आज राशि स्वामी चन्द्र चतुर्थ भाव में कोष वृद्धि का संकेत है। दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शारीरिक व मानसिक क्लेश मिल सकता है।

**सिंह :** चतुर्थ भाव का चन्द्रमा और सप्तम घर में कुंभ राशि का राहु आज प्रभाव प्रताप को बढ़ाने वाला है, रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

**कन्या :** पराक्रम भाव में चन्द्रमा शुभ व्यय, कीर्ति की वृद्धि कारक है। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संयम रखें। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला :** राशि स्वामी शुक्र-वृश्चिक राशि का होकर द्वादश भाव में और तृतीय भाव में चन्द्रमा के प्रभाव से राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** राशि स्वामी भोम के धनु राशि पर होने और द्वादश भाव में चन्द्रमा होने से पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा।

**धनु :** देव गुरु कर्क राशि पर और चन्द्रमा दशम प्रमुख केन्द्र स्थान में चल रहे हैं अतः आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी।

**मकर :** आपकी राशि से द्वितीय राहु और राशि का स्वामी शनि पराक्रम स्थान तृतीय में होने के कारण व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुम्भ :** आज नवम त्रिकोण भाग्य भाव में तुला राशि का चन्द्रमा होने के फलस्वरूप बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए प्रयास सफल होंगे।

**मीन :** राशि स्वामी बृहस्पति पंचम सुख मित्र भाव में राज्य मान-प्रतिष्ठा वृद्धि कारक है। रोजगार के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनीतिक सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति उदासीन न रहें।

# लौहपुरुष सरदार पटेल और एकीकृत भारत की नींव




योगेश कुमार गोयल

राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार पटेल की निष्ठा आजादी के इतने वर्षों बाद भी पूरी तरह प्रासंगिक है। एकता की मिसाल कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल गुजरात के नाडियाद में एक किसान परिवार में 31 अक्तूबर 1875 को जन्मे थे, जिन्होंने सदैव देश की एकता को सर्वोपरि माना। सरदार पटेल ने भारत को खण्ड-खण्ड करने की अंग्रेजों की साजिशों को नाकाम करते हुए बड़ी ही कुशलता से आजादी के बाद करीब 550 देशी रियासतों तथा रजवाड़ों का एकीकरण करते हुए अखण्ड भारत के निर्माण में सफलता हासिल की थी। राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए स्वतंत्र भारत को एकजुट करने का असाधारण कार्य बेहद कुशलता से सम्पन्न करने के लिए जाने जाते रहे सरदार पटेल का देहांत दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसम्बर 1950 को 75 वर्ष की आयु में हो गया था और इसी दिन को प्रतिवर्ष 'सरदार पटेल स्मृति दिवस' के रूप में मनाया जाता है। देश के पहले गृहमंत्री और पहले उप-प्रधानमंत्री रहे सरदार पटेल का भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए अविस्मरणीय योगदान रहा।

सरदार पटेल ने लंदन से वकालत की पढ़ाई पूरी कर अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू की थी। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रेरित हुए और इसीलिए उन्होंने गांधी जी के साथ भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लिया। वे भाई-भतीजावाद की राजनीति के सख्त खिलाफ थे और ईमानदारी के ऐसे पर्याय थे कि उनके देहांत के बाद जब उनकी सम्पत्ति के बारे में जानकारियां जुटाई गई तो पता चला कि उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। वह जो भी कार्य करते थे, पूरी ईमानदारी, समर्पण, निष्ठा और हिम्मत से साथ पूरा किया करते थे। उनके जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग सामने आते हैं, जो इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल प्रशासक के जीवन को समझने में सहायक हैं।

एक किसान परिवार में जन्मे वल्लभ भाई पटेल जब छोटे थे, तब अपने पिताजी के साथ खेत पर जाया करते थे। एक दिन जब उनके पिताजी खेत में हल चला रहे थे तो वल्लभ भाई पटेल उन्हीं के साथ चलते-चलते पहाड़े याद कर रहे थे। उसी दौरान उनके पांव में एक बड़ा सा कांटा चुभ गया किन्तु वे हल के पीछे चलते हुए पहाड़े कंठस्थ करने में इस कदर लीन हो गए कि उन पर कांटा चुभने का कोई प्रभाव ही नहीं पड़ा। जब एकाएक उनके पिताजी की नजर उनके पांव में घुसे बड़े से कांटे और बहते खून पर पड़ी तो उन्होंने घबराते हुए बैलों को रोका और बेटे वल्लभ भाई के पैर से कांटा निकालते हुए घाव पर पत्ते लगाकर खून बहने से रोका। बेटे की यह एकाग्रता और तन्मयता देखकर वे बहुत खुश हुए और जीवन में कुछ बड़ा कार्य करने का आशीर्वाद दिया।

**सरदार पटेल स्मृति दिवस: एकीकृत भारत के निर्माता को नमन**



वल्लभ भाई पटेल वकालत की पढ़ाई करने के लिए सन् 1905 में इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन पोस्टमैन ने उनका पासपोर्ट और टिकट उनके भाई विट्ठल भाई पटेल को सौंप दिए। दोनों भाइयों का शुरूआती नाम वी. जे. पटेल था, ऐसे में बड़ा होने के नाते उस समय विट्ठल भाई ने स्वयं इंग्लैंड जाने का निर्णय लिया। वल्लभ भाई पटेल ने बड़े भाई के निर्णय का सम्मान करते हुए न केवल बड़े भाई को अपना पासपोर्ट और टिकट दे दिया बल्कि इंग्लैंड में रहने के लिए उन्हें कुछ धनराशि भी भेजी।

सरदार पटेल का जीवन कितना सादगीपूर्ण था और उनका स्वभाव कितना सहज तथा नम्र था, यह इस किस्से से आसानी से समझा जा सकता है। सरदार पटेल उन दिनों भारतीय लेजिस्लेटिव असेंबली के अध्यक्ष थे। असेंबली के कार्यों से निवृत्त होकर एक दिन जब वे घर के लिए निकल ही रहे थे, तभी एक अंग्रेज दम्पत्ति वहां पहुंचा, जो विदेश से भारत घूमने के लिए आया था। सरदार पटेल सादे वस्त्रों में रहते थे और उन दिनों उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। अंग्रेज दम्पत्ति ने इस वेश में देखकर उन्हें वहां का चपरासी समझ लिया और असेंबली में घुमाने के लिए कहा। सरदार पटेल ने बड़ी ही विनम्रता से उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए उन्हें पूरे असेंबली भवन में घुमाया। इससे खुश होकर दम्पति ने सरदार पटेल को बख्शीश में एक रुपया देने का प्रयास किया लेकिन सरदार पटेल ने अपनी पहचान उजागर न करते हुए विनम्रतापूर्वक लेने से इन्कार कर दिया। अगले दिन जब असेंबली की बैठक हुई तो वह अंग्रेज दम्पत्ति लेजिस्लेटिव असेंबली की कार्रवाई देखने के लिए दर्शक दीर्घा में पहुंचा और सभापति के आसन पर बढ़ी हुई दाढ़ी तथा सादे वस्त्रों वाले उसी शख्स को देखकर दंग रह गया। वह मन ही मन ग्लानि से भर उठा कि जिस शख्स को चपरासी समझकर उन्होंने उसे असेम्बली घुमाने के लिए कहा, वो कोई और नहीं बल्कि खुद इस असेंबली के अध्यक्ष हैं। अंग्रेज दम्पत्ति सरदार पटेल की सादगी, सहज स्वभाव और नम्रता का कायल हो गया और उसने असेम्बली की कार्रवाई के बाद सरदार पटेल से क्षमायाचना की। एकीकृत भारत की निर्माता यह महान् शख्सियत 15 दिसम्बर 1950 को चिरनिद्रा में लीन हो गई।

(लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# नाभिकीय ऊर्जा मिशन



अनिल काकोडकर

विकासित भारत को साकार करने के लिए बड़े पैमाने पर नाभिकीय ऊर्जा का तेज़ी से इस्तेमाल ज़रूरी हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा और जलवायु सुरक्षा का भी वादा करती है। परमाणु ऊर्जा विभाग की लगातार और आत्मनिर्भर बनने कोशिशों की वजह से, भारत एक आत्मनिर्भर, ज़िम्मेदार देश के तौर पर उभरा है, जिसके पास प्रगत नाभिकीय प्रौद्योगिकी है, भले ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हम पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हों। देश अब नाभिकीय ऊर्जा मिशन के साल 2047 तक 100 GW बिजली बनाने की क्षमता तक पहुँचने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के मामले में तैयार है। हालाँकि यह बहुत महत्वांकांक्षी लग सकता है, लेकिन हमारे पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, पॉलिसी की पहल और काम, खासकर कानूनी कदम जो अभिप्रेत हैं, उनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने और जलवायु खतरे से निपटने के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा मिशन में अर्थव्यवस्था को काफ़ी बढ़ावा देने की क्षमता है क्योंकि पूरी वैल्यू चेन देश के अंदर होगी। इससे मटीरियल, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ऑपरेशन और मेंटेनेंस, क्वालिटी एश्योरेंस, सेफ्टी और आस-पड़ोस के लोगों से जुड़ाव जैसी सभी गतिविधियों में सभी स्तर पर नौकरियाँ पैदा होंगी। प्रशिक्षित और योग्य मानव संसाधन के मामले में भी चुनौतियां हैं। हालांकि हम इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन प्रोग्राम की निरंतरता पर उद्योग का भरोसा एक अनिवार्य शर्त होगी।

आगे क्या चुनौतियां हैं? उनमें से सबसे ज़रूरी है समय लक्ष्य के हिसाब से बड़े पैमाने पर तेज़ी से परिनियोजन करना। सिर्फ़ दो दशकों में 90 GW से ज़्यादा या लगभग 200 रिएक्टर जोड़े जाने हैं। स्पष्ट है कि NPCIL, NTPC के अलावा कई इम्प्लीमेंटिंग एजेंसियों की ज़रूरत है, जो फ्लीट मोड में रिएक्टर प्लांट के मानक डिज़ाइन वाली परियोजना शुरू करें। हालांकि हमें अपनी राष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा नीति के आधार पर प्रौद्योगिकी के साथ प्रोग्राम को परिनियोजित करना चाहिए। PHWR प्रौद्योगिकी स्पष्ट रूप से एक सिद्ध और किफायती प्रतिस्पर्धी स्वदेशी प्रौद्योगिकी है जो तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इसलिए NPCIL को अपने प्रोग्राम को कार्यान्वित करते समय PHWR प्रौद्योगिकी में दूसरी प्राधिकरणों को रचनात्मक रूप अपने से जोड़ते हुए उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। दूसरी परिपक्व प्रौद्योगिकी को भी एक अतिरिक्त संभावना के तौर पर माना जा सकता है, बशर्ते वे किफायती और संरक्षा मानकों को पूरा करें।

निवेश का भी एक ज़रूरी मुद्दा है, जो अकेले नाभिकीय ऊर्जा उपयोगिता क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के ऑर्डर का होगा। ईंधन चक्र अवसंरचना के लिए निवेश इसके अलावा होगा। इसलिए निजी क्षेत्र से वित्तपोषण बहुत ज़रूरी है। जबकि नाभिकीय क्षेत्र का आर्थिक पक्ष अच्छा है, दूसरी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के बराबर नीति सहयोग अनिवार्य होगा।

निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है। जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस्तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी। नाभिकीय बाज़ार से जुड़ी जटिल भू-राजनीति को देखते हुए यह एक बड़ी ईंधन आपूर्ति सुरक्षा चुनौती बन सकती है। इसलिए अपने बड़े थोरियम भंडारों के साथ भारत को जल्द से जल्द थोरियम पर स्विच कर लेना चाहिए और ऊर्जा सुरक्षित बनना चाहिए। इसके लिए हमारे थोरियम आधारित नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी के विकास में तेज़ी लाने की ज़रूरत है। थोरियम का इस्तेमाल और यूरेनियम से बहुत ज़्यादा एनर्जी वैल्यू पाना, जो किसी भी तरह से आज के समय की ज़रूरत बन जाएगी, इसमें नाभिकीय ऊर्जा का पुनर्संसाधन और पुनर्चक्रण करना ज़रूरी होगा। इस तरह संवृत नाभिकीय ईंधन चक्र में हमारी काबिलियत एक सुरक्षित और अनवरत ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने और भरोसेमंद दीर्घकालिक नाभिकीय अपशिष्ट प्रबंधन में काम आएगी। हालांकि, यह एक संवेदनशील व नाभिकीय प्रौद्योगिकी है और इसका शासन और नियंत्रण सरकार के पास ही रहना चाहिए। अमेरिका सहित ज़्यादातर देश इस्तेमाल किए गए नाभिकीय ईंधन के स्थाई निपटान का मुद्दा नहीं सुलझा पाए हैं। निजी नाभिकीय प्रतिष्ठान और सरकारी नाभिकीय पुनर्चक्रण ऊद्योग के बीच ईंधन प्रबंधन इंटरफेस को कानून में ठीक से शामिल करने की ज़रूरत है।

मुझे लगता है कि दुनिया भर में नाभिकीय ऊर्जा को ज़्यादा बढ़ावा देने के कारण, नाभिकीय पुनर्चक्रण पर ज़्यादा ज़ोर देना ज़रूरी होगा। इस तरह, फ्रंट एंड की तुलना में बैकएंड ईंधन चक्र, उतना ही बड़ा या उससे भी बड़ा उद्योग बन जाएगा। थोरियम, जो प्रसार प्रतिरोध उपलब्ध कराता है, इस मामले में और भी ज़्यादा ज़रूरी हो जाता है।

हमें यह मानना होगा कि हमारे PHWR सिस्टम सबसे ज़्यादा लचीले हैं और कई तरह के ईंधन च्रक को सरल बनाने के लिए सबसे सही हैं, खासकर थोरियम की ओर हमारे संक्रमण की योजना के मामले में। जबकि थोरियम को विखडनीय यूरेनियम-233 में बड़े पैमाने पर बदलने के लिए द्रुत प्रजनक विकास को तेज़ करने की ज़रूरत है, अब जब हम आयातित यूरेनियम का इस्तेमाल करके बड़ी PHWR क्षमता सेट अप कर सकते हैं, तो PHWRs ऐसा करने और थोरियम के इस्तेमाल की दिशा में हमारी तरक्की को तेज़ करने का एक आसान विकल्प देते हैं। इस मकसद के लिए ज़रूरी विकास का काम परमाणु ऊर्जा विभाग में अनुसंधान एवं विकास पर मुख्यत: केंद्रित होना चाहिए, भले ही सरकारी और निजी क्षेत्र में नाभिकीय स्थापनाएं मानकीकृत और सिद्ध डिज़ाइन का इस्तेमाल करके तेज़ी से क्षमता बढ़ा रही हों।

हम आशा कर सकते हैं कि प्रस्तावित नाभिकीय विधेयक सभी हितधारकों की चिंताओं को दूर करेगा, जिसमें ऊपर बताए गए कुछ हितधारक भी शामिल हैं और नाभिकीय ऊर्जा मिशन को उम्मीद के मुताबिक लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगा।

**(पूर्व सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं पूर्व अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग)**

## विदेश की खबरें

### बांग्लादेश के खिलाफ गतिविधियों के लिए अपनी धरती का इस्तेमाल नहीं होने दिया गया: भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि उसने कभी भी अपनी धरती को बांग्लादेश के हितों के खिलाफ गतिविधियों के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी है और वहां आगामी संसदीय चुनावों को शांतिपूर्ण माहौल में कराने पर बल दिया। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब कर भारत में मौजूद अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की ओर से दिए गए भड़काऊ बयानों पर गंभीर चिंता जताई। इस घटनाक्रम के कुछ घंटे बाद भारत की यह प्रतिक्रिया आई है। बांग्लादेश से जारी एक बयान के अनुसार, मंत्रालय ने वर्मा के संज्ञान में हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग के कुछ सदस्यों की भारत में रहने के दौरान की गतिविधियों को भी लाया गया है। दूसरी ओर, नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा, 'भारत बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा प्रेस बयान में किए गए दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है।' मंत्रालय ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश में शांतिपूर्ण माहौल में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव कराने के अपने रुख को लगातार दोहराया है। इसने कहा, 'भारत ने कभी भी अपनी धरती को बांग्लादेश के हितों के खिलाफ गतिविधियों के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी है।' इसने एक बयान में कहा, 'हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार आंतरिक कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी, जिसमें शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना भी शामिल है।'

### दक्षिण अफ्रीका में चार मंजिला मंदिर गिरने से चार लोगों की मौत

**जोहानिसबर्ग :** दक्षिण अफ्रीका स्थित भारतीय कस्बे रेडक्लिफ में चार मंजिला अहोबिलम मंदिर के निर्माण स्थल पर कई टन कंक्रीट गिरने से मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। दक्षिण अफ्रीका की प्रतिक्रिया इकाई के प्रवक्ता प्रेम बलराम ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बचाव अभियान दो दिन से जारी है और बचावकर्मियों को एक अन्य शव होने का पता चला है लेकिन उन्हें खराब मौसम के कारण शनिवार दोपहर अभियान रोकना पड़ा। उन्होंने कहा, 'इस समय यह पुष्टि नहीं की जा सकती कि मलबे के नीचे और भी लोग फंसे हुए हैं या नहीं।' मृतकों में से एक की पहचान विकी जयराज पांडे (52) के रूप में हुई है जो दो साल पहले मंदिर की स्थापना के बाद से इसमें सेवाएं दे रहे थे। पांडे मंदिर के कार्यकारी सदस्य और निर्माण परियोजना के प्रबंधक थे। मंदिर से संबद्ध धर्मार्थ संस्था 'फूड फॉर लव' के निदेशक सनवीर महाराज ने पुष्टि की कि एथेक्विनी (पूर्व में डरबन) के उत्तर में एक पहाड़ी पर स्थित मंदिर के ढहने में मारे गए लोगों में पांडे भी शामिल थे। ईथेक्विनी (पूर्व में डरबन) की नगरपालिका ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि मंदिर के निर्माण के लिए कोई भवन योजना स्वीकृत नहीं की गई है यानी यह निर्माण कार्य अवैध था। अहोबिलम मंदिर के नाम से जाना जाने वाला यह मंदिर एक गुफा की तरह बनाया गया है जिसमें वहां मौजूद पत्थरों के अलावा भारत से लाए पत्थरों का उपयोग किया जा रहा था। मंदिर का निर्माण करा रहे परिवार ने बताया कि निर्माण कार्य लगभग दो साल पहले शुरू हुआ था और इसमें भगवान नरसिंहदेव की दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति स्थापित किए जाने का कार्यक्रम था।

### सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय के उत्सव में गोलीबारी, 11 लोगों की मौत

**सिडनी :** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर रविवार को यहूदी समुदाय के उत्सव के दौरान दो बंदूकधारियों की अंधाधुंध गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया जबकि एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। सिडनी के न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त एम. लेनयॉन ने बताया कि इस हमले में दो पुलिस अधिकारियों समेत 29 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। राज्य प्रमुख क्रिस मिन्स ने कहा, 'इस हमले का निशाना सिडनी का यहूदी समुदाय था।' यहूदी त्योहार हनुक्का की शुरुआत का जश्न मनाने के लिए सैकड़ों लोग बॉन्डी बीच पर 'चानुका बाय द सी' नामक कार्यक्रम के लिए एकत्र हुए थे।

ऑस्ट्रेलियाई टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित फुटेज में देखा जा सकता है कि कोई व्यक्ति बंदूकधारियों में से एक को पकड़कर उससे हथियार छीन लेता है और फिर वही हथियार उस पर तान देता है। मेलबर्न निवासी 32 वर्षीय लाचलान मोरान ने बताया कि वह पास ही में अपने परिवार का इंतजार कर रहे थे, तभी उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी। उन्होंने कहा, 'सब लोग अपना सारा सामान छोड़कर भागने लगे, लोग रो रहे थे, और यह सब बहुत भयानक था।' पुलिस ने कहा कि उसका अभियान जारी है और 'आसपास के इलाके में मिली कई संदिग्ध वस्तुओं' की जांच विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा की जा रही है, जिसमें एक संदिग्ध की कार में बरामद किया गया आईईडी भी शामिल है।

## वर्ग पहेली नं. 3292

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | 24 | | ■ | |
| 25 | | ■ | 26 | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ |
| | ■ | 30 | | | | | ■ | 31 | |

*बायें से दायें:-* 2) लोमवाला चमड़ा, 4) नष्ट, 7) कुछ कुछ लाल, 9) शपथ, 10) भीड़भाड़, 11) आराम, 13) उपचार; चिकित्सा, 14) बढ़ती; लाभ, 16) प्रयत्न, 18) नाटक का एक भाग, 19) सीमा, 20) निगरानी, 22) डरा, 23) मौखिक, 25) व्यतीत, 26) रक्त, 28) मृतक का वार्षिक श्राद्ध, 30) सावधान, 31) तेज़ लंबे काटोंवाला एक पशु.

*ऊपर से नीचे:-* 1) पहला, 2) आग्रही निवेदन, 3) तल्लीन, 4) भाँति, 5) अधिकार, 6) एकत्र, 8) अप्रसन्न, 12) चौड़ी थाली, 15) दर्द की आवाज़, 17) चुगली, 18) अनुमान, 19) स्वार्थ, 20) छेना, 21) पुंज; समूह 22) राख, 24) एक इतिहास-कालीन बादशाह, 27) स्वर्ग की अप्सरा, 29) एक धातु.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | स्ति | क | ■ | म | क़ | ब | रा | ■ | ब |
| ग | ■ | म | क़ | स | द | ■ | य | म | ल |
| पु | त | ला | ■ | ख़ा | ■ | अ | ■ | त | ब |
| र | मा | ■ | अ | रा | ज | क | ता | ■ | ला |
| ■ | श | री | फ़ | ■ | ल | स | ■ | त | ह |
| ■ | बी | ■ | सो | ता | ■ | र | द | प | ट |
| ज | न | वा | स | ■ | भू | ■ | र्श | ■ | ■ |
| ल | ■ | ह | ■ | रा | त | रा | नी | ■ | ज़ी |
| न | वी | न | त | म | ■ | ■ | य | मु | ना |

## सुडोकू-पहेली-3250

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 9 | | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | | | 6 | | | 2 | 3 |
| | | 3 | | | 1 | | | |
| | | | 7 | | | 1 | | |
| | 5 | | | | | | 3 | 8 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 4 | | | | | 6 | | 1 | |
| | 8 | 6 | | 2 | | | | 9 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3249 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 8 | 9 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 6 |

# मेस्सी कार्यक्रम अराजकता : राज्यपाल ने साल्टलेक स्टेडियम का किया दौरा, जांच कमेटी से की मुलाकात

## राज्यपाल युवा भारती में हुई घटना के बारे में केंद्र सरकार और स्पोर्ट्स अथॉरिटी को लिखेंगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान कोलकाता के सॉल्टलेक स्टेडियम में मची अफरा-तफरी के एक दिन बाद रविवार को राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने स्टेडियम का दौरा कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। राज्यपाल बोस ने मुख्य सचिव मनोज पंत और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ स्टेडियम के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। युवा भारती से निकलने के बाद, उन्होंने संवाददाताओं से बात की और मैसेज दिया कि 'मेस्सी' घटना में शामिल सभी पार्टियों की भूमिका की जांच की जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि मैं यहां 'ग्राउंड जीरो' या घटनास्थल से हालात का खुद जायजा लेने आया हूं। मैंने इलाके का निरीक्षण किया है। प्रशंसकों के लिए मेस्सी एक 'मसीहा' या भगवान जैसे हैं। फिर भी उनका दौरा बिना किसी वजह के बर्बाद हो गया। ऑर्गनाइजिंग कमिटी, सरकार, पुलिस और इंटेलिजेंस सभी के रोल की जांच होनी चाहिए। इस दौरान, मुख्यमंत्री द्वारा गठित जांच समिति के सदस्यों के साथ भी राज्यपाल ने मुलाकात की। राज्यपाल बोस ने कहा कि मैंने बनाई गई जांच कमेटी से मुलाकात की है। उन्होंने डिटेल में जांच की है। हालांकि, ऐसा लगता है कि घटना की जड़ें जितनी दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा गहरी हैं।



❑ **'घटना ने सभी की आंखें खोल दीं'**

उन्होंने आगे कहा कि शनिवार की घटना ने सभी की आंखें खोल दीं। यह घटना कोलकाता के लोगों के लिए शर्म की बात बन गई है। भविष्य में ऐसी स्थितियों के लिए एक खास स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) होना चाहिए। जब कोई किसी खेल का कमर्शियलाइजेशन कर रहा हो और उससे फायदा कमा रहा हो, तो जनता को परेशान नहीं किया जा सकता। इसमें एडमिनिस्ट्रेशन भी शामिल है। लोगों के फंडामेंटल राइट्स भी इससे जुड़े हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि वह शनिवार की घटना के पीड़ितों से बात करने के बाद एक रिपोर्ट देंगे। उन्होंने कहा कि मैंने युवा भारती घटना के कुछ पीड़ितों से बात की है। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए, मैं केंद्र सरकार और स्पोर्ट्स अथॉरिटी को सिफारिशों के साथ एक डिटेल्ड रिपोर्ट दूंगा। मेरी रिपोर्ट लगभग तैयार है।

❑ **'तुरंत कदम उठाने की जरूरत'**

उन्होंने आगे कहा कि शनिवार की घटना के तुरंत बाद जो कदम उठाने की जरूरत है, उनमें घटना की ज्यूडिशियल जांच, ऑर्गनाइजर की गिरफ्तारी, टिकट के पैसे रिफंड, ऑर्गनाइजर के बैंक अकाउंट सीज करना, स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाना और इंश्योरेंस स्कीम शुरू करना शामिल हैं। मैंने सरकार को ऐसे 12 कदम उठाने की सलाह दी है। शॉर्ट-टर्म और लॉन्ग-टर्म, दोनों तरह के उपाय किए जाने चाहिए। राज्यपाल ने आगे कहा कि युवा भारती स्टेडियम में हुई घटना के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अब कानून अपना काम करेगा। आम दर्शकों को लगता है कि उनकी भावनाओं और एहसास को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है, और इसी वजह से वे गुस्सा हो गए।

# कोलकाता में मेस्सी के कार्यक्रम में हंगामे की खबर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी सुर्खियों में रही

❑ **घटना से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोलकाता की छवि को पहुंचा नुकसान**

**कोलकाता :** कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोन मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान हुए हंगामे व अराजकता की घटना देश के साथ-साथ रविवार को दुनियाभर के प्रमुख अखबारों में भी सुर्खियों में रही। इस घटना की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोलकाता की छवि को नुकसान पहुंचा है।



अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयार्क टाइम्स से लेकर ब्रिटेन के द गार्जियन और बीबीसी तक, ने इस हंगामे और तोडफ़ोड़ की खबर को प्रमुखता से छापा। इसके अलावा इस घटना की रिपोर्ट स्पेनिश और फ्रेंच मीडिया में भी छपी।

न्यूयार्क टाइम्स की हेडलाइन थी, लियोन मेसी के इंडिया टूर के आयोजक को हिरासत में लिया गया। अपनी रिपोर्ट में, न्यूयार्क टाइम्स ने स्टेडियम में हुई घटनाओं का जिक्र किया और लिखा कि कार्यक्रम के दौरान मेसी मुश्किल से ही दर्शकों को दिख रहे थे। स्टेडियम में जहां मेस्सी को एक घंटे से ज्यादा समय तक रहना था, वहीं सुरक्षा कर्मी उन्हें जल्दी से मैदान से बाहर लेकर चले गए।

न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार और राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस का बयान भी शामिल किया है। रिपोर्ट में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घटना के बारे में माफी और एक उच्चस्तरीय जांच समिति के गठन का भी जिक्र था। अमेरिकी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में क्रिकेट का भी जिक्र किया, जिसमें लिखा कि बंगाल की राजधानी कोलकाता में फुटबाल प्रशंसकों की काफी तादाद है। फिर भी, क्रिकेट भारत में सबसे लोकप्रिय खेल है।

वहीं, बीबीसी की हेडलाइन थी, कोलकाता में मेस्सी के कार्यक्रम में गुस्साए प्रशंसकों ने कुर्सियां और बोतलें फेंकी। अपनी रिपोर्ट में, बीबीसी ने लिखा कि अधिकारियों और राजनेताओं ने मेसी को इस हद तक घेर लिया था कि वह कुछ ही समय में परेशान हो गए। मैदान पर सिर्फ 22 मिनट रहने के बाद, मेस्सी को सुरक्षा कारणों से बाहर ले जाया गया। इससे स्टेडियम में मौजूद प्रशंसक आक्रामक हो गए, और कुर्सियां और बोतलें फेंकना शुरू कर दिया।

बीबीसी ने ये भी लिखा कि कोलकाता में मेसी को देखने के लिए कुछ लोगों ने 12,000 रुपये के टिकट खरीदे थे, लेकिन वह स्टेडियम के ज्यादातर हिस्सों से मुश्किल से ही दिख रहे थे। रिपोर्ट में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की माफी का भी जिक्र था, जिसमें कहा गया था कि वह इस घटना से बेहद दुखी और हैरान हैं।

❑ **स्पेन-फ्रांस की मीडिया में भी सुर्खियों में रही खबर**

कोलकाता की ये घटना स्पेन और फ्र ांस के मीडिया में भी सुर्खियों में रही। ये वे दो देश हैं जहां मेस्सी ने क्लब फुटबाल खेला है। स्पेनिश स्पोर्ट्स डेली मार्का की हेडलाइन थी, पूरी तरह से अराजकता। उन्होंने लिखा कि इंटर मियामी के खिलाड़ी मैदान में आए लेकिन सिर्फ 22 मिनट में ही वापस चले गए. जबकि प्रशंसकों ने सिर्फ एक झलक पाने के लिए हजारों रुपये खर्च किए थे।

फ्रांसीसी अखबार एल इक्विप ने इस घटना को परेशान करने वाला बताया। उन्होंने लिखा कि मेसी भारत में एक प्रमोशनल टूर पर थे, लेकिन उनके चारों ओर भीड़ के कारण दर्शकों में बहुत ज्यादा निराशा फैल गई। स्टेडियम में फैंस के लिए यह अनुभव दर्दनाक था।

इससे पहले बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने भी साल्टलेक स्टेडियम में शनिवार को हुई घटना को अंतरराष्ट्रीय शर्मिंदगी बताते हुए कहा कि ममता बनर्जी के प्रशासन की बड़ी नाकामी ने कोलकाता को पूरी दुनिया में मजाक का पात्र बना दिया है।

# शुभेंदु ने मेस्सी के कार्यक्रम में अव्यवस्था की अदालत की निगरानी में जांच कराने की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले यहां सॉल्टलेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के लोकप्रिय फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी से जुड़े कार्यक्रम के दौरान मची अफरा-तफरी की अदालत की निगरानी में जांच कराने की मांग की है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के सत्ता में आने के बाद, भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि मेस्सी फिर से बंगाल आएं और युवा भारती क्रीडांगन में अपने हजारों प्रशंसकों को अपने फुटबॉल कौशल से सुखद अनुभव प्रदान करें। इससे पहले शुभेंदु अधिकारी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्टेडियम में मची अफरा-तफरी की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित समिति भाजपा को स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हम इस समिति को स्वीकार नहीं करते। केवल वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में की गई जांच से ही सच्चाई सामने आ सकती है। भाजपा नेता ने राज्य के मंत्रियों सुजीत बोस और अरूप विश्वास की गिरफ्तारी की मांग करते हुए उन पर 'कुप्रबंधन' का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि दर्शकों को टिकट की राशि लौटाई जाए। बाद में, उन्होंने शहर में एक 'परिवर्तन यात्रा' रैली में कहा कि जबकि मुंबई और हैदराबाद दोनों जगह मेस्सी के कार्यक्रम शानदार तरीके से बिना किसी रुकावट के संपन्न हुए, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) मंत्रियों के 'भ्रष्टाचार' और 'कुप्रबंधन' के कारण हमारे शहर की छवि खराब हुई। उन्होंने कहा कि मुंबई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग), जबकि हैदराबाद में कांग्रेस सत्ता में है। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को सबसे खराब स्थिति में ला दिया है, क्योंकि दूसरे दो शहरों में ऐसी कोई अराजकता या बाधा उत्पन्न नहीं हुई। मैं पश्चिम बंगाल में हजारों मेस्सी प्रशंसकों को भरोसा दिलाता हूं, मैं आपका दर्द समझता हूं। मैं वादा करता हूं कि जब हम राज्य में सत्ता में आएंगे, तो हम मेस्सी को बंगाल लाएंगे। भाजपा विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि इस घटना के संबंध में प्राथमिकी मुख्यमंत्री के परिवार और तृणमूल कांग्रेस के अन्य मंत्रियों को बचाने के उद्देश्य से दर्ज की गई है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि बोतलबंद पानी – जिसकी शुरू में स्टेडियम के अंदर अनुमति नहीं थी – बाद में परिसर के अंदर कैसे बेचा गया और 150 से 200 रुपये की कीमत पर चिप्स बेचने की अनुमति किसने दी। उन्होंने सवाल किया, ''इन चीजों को स्टेडियम के अंदर किसने आने दिया और इन इंतजामों से कौन पैसे कमा रहा था? अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सॉल्टलेक स्टेडियम जा रही थीं, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मचने के बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था।



### मेस्सी कार्यक्रम अराजकता : अर्जुन सिंह ने लगाया 100 करोड़ के घोटाले का आरोप, ईडी जांच की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** युवा भारती क्रीड़ांगन में हुई अव्यवस्था के बाद अब पूर्व भाजपा सांसद अर्जुन सिंह ने बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि मेस्सी इवेंट में करीब 100 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है और इसके पीछे कोई बड़ा नाम शामिल है। रविवार को अर्जुन सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि कल मैदान से आवाज उठी थी कि हम मेस्सी को देखने आए थे। मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि स्टेडियम शायद पांच रुपये या एक रुपये में प्रतीकात्मक रूप से बुक किया गया होगा। लेकिन, हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन आपत्ति एक जगह है जहां आम लोगों को परेशानी हुई। 10 रुपये की पानी की बोतल 150-200 रुपये में बेची गई। मेस्सी को चोरी करके ले जाया गया, इस पर आपत्ति है। करीब 100 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ है। अर्जुन ने आगे कहा कि आम लोग कह रहे हैं कि जिन्हें मैदान में देखा गया, उन्हें देखने के लिए 100 करोड़ रुपये खर्च किए गए। करोड़ों रुपये घोटाला किए गए हैं। इसके लिए तुरंत ईडी जांच की आवश्यकता है। क्या समझौता हुआ था, क्या समझौता में नुकसान हुआ, यह बताना होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि डीजी को बीच में प्रेस कॉन्फ्रेंस छोड़कर क्यों उठना पड़ा?

# एसआईआर की सुनवाई 20 दिसंबर से, सीसीटीवी निगरानी पर विचार

## ब्लॉक स्तर पर ईआरओ और एईआरओ करेंगे सुनवाई

**कोलकाता :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ी सुनवाई प्रक्रिया 20 दिसंबर से शुरू होने जा रही है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोग सूत्रों के अनुसार, सुनवाई के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, आगामी 16 दिसंबर को राज्य में प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके चार से पांच दिन बाद ही नोटिस जारी कर सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होगी। आयोग का अनुमान है कि यह सुनवाई चरण एक महीने से अधिक समय तक चल सकता है। इसकी अवधि इस बात पर निर्भर करेगी कि कितने मतदाताओं के दस्तावेजों में असंगति या त्रुटियां पाई जाती हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार, बंगाल में एसआईआर का पहला चरण गुरुवार को समाप्त हो चुका है। फिलहाल जमा किए गए फार्मों को अपलोड करने और उनकी जांच-पड़ताल का काम जारी है। आयोग ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से फार्मों की स्क्रूटनी की जा रही है। इस प्रक्रिया में कई स्तरों पर जानकारियों की जांच की जा रही है, जिसके बाद यह तय किया जाएगा कि किन मतदाताओं की जानकारी में त्रुटि या असंगति है। ऐसे सभी मतदाताओं को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा।

आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची जारी होने के बाद नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू होगी। सुनवाई के दौरान संबंधित ब्लॉक के निर्वाचक निबंधन अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक निबंधन अधिकारी (एईआरओ) उपस्थित रहेंगे। उनके साथ माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए जाएंगे।

आयोग सूत्रों के अनुसार, आवश्यकता पड़ने पर एईआरओ की संख्या बढ़ाकर 50 तक की जा सकती है। साथ ही सुनवाई कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की संभावना पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। केंद्रीय बलों की तैनाती को लेकर आयोग ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था राज्य प्रशासन के अधीन होने के कारण इस संबंध में अंतिम निर्णय राज्य सरकार ही लेगी।

### ममता की रैली में शामिल लोगों की सोने की चेन चुराने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया कृष्णानगर रैली में शामिल तीन महिलाओं की सोने की चेन चोरी करने के आरोप में रविवार को झारखंड की एक महिला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिकष महिला से चोरी की तीन चेन बरामद की गई है। नदिया पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए रविवार खई सुबह कृष्णानगर रेलवे स्टेशन से महिला को गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की गत 11 दिसंबर की रैली में शामिल हुईं तीन महिलाओं ने इससे पहले चेन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू की थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार महिला से पूछताछ कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या इस अपराध में अन्य लोग भी शामिल थे।

### महिला सांसदों के बीच 'तनाव', विवाद सुलझाने के लिए अभिषेक की पहल

❑ **अगले सप्ताह हो सकती है बैठक**

**कोलकाता/दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस की महिला सांसदों के बीच आपसी मतभेद और तनाव की खबरें सामने आ रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, हाल के दिनों में दो-तीन महिला सांसदों के बीच विवाद काफी बढ़ गया है, जो पार्टी के भीतर चिंता का कारण बन गया है। इसी स्थिति को संभालने के लिए तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने हस्तक्षेप किया है।




खबर है कि अभिषेक बनर्जी ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए दिल्ली में एक बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। यह बैठक अगले सप्ताह होने की संभावना है। हालांकि, किन सांसदों के बीच मतभेद हैं और विवाद का स्वरूप क्या है, इसे लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि आंतरिक असहमति को जल्द खत्म करना नेतृत्व की प्राथमिकता है, ताकि संगठनात्मक एकता पर कोई असर न पड़े। प्रस्तावित बैठक में आपसी गलतफहमियां दूर कर मान-मनौवल के जरिए विवाद सुलझाने पर जोर दिया जाएगा। पार्टी नेतृत्व चाहता है कि सभी मतभेद भुलाकर महिला सांसद एकजुट होकर संगठन के हित में काम करें।

# मेट्रो ट्रेन का दरवाजा बंद होने से रोकने वाले यात्री के खिलाफ कार्रवाई करेगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे कोलकाता ने रविवार को कहा कि दमदम छावनी स्टेशन पर ट्रेन में अपने सहयात्री को चढ़ने देने के लिए जानबूझकर कोच का गेट बंद होने से रोकने और इससे ट्रेन के प्रस्थान में देरी होने के मामले में संबंधित यात्री के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एक प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित यात्री को 13 दिसंबर को दमदम छावनी स्टेशन पर अपनी साथी को ट्रेन पकड़ने देने के लिए येलो लाइन में जय हिंद बिमान बंदर (हवाई अड्डे) से नोआपारा (बोनहुगली) जाने वाली मेट्रो रेक (एमआर-514) के कोच नंबर 5054 के द्वार संख्या दो को जानबूझकर अवरुद्ध करते हुए पाया गया था।



उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना के कारण उस सेवा में देरी हुई। साथ ही, अन्य यात्रियों को भी असुविधा हुई। प्रवक्ता ने कहा कि इस पर मेट्रो ट्रेन के चालक को अपनी सीट से उठकर व्यक्तिगत रूप से उसे बंद करना पड़ा जिसके बाद ट्रेन अपनी यात्रा फिर से शुरू कर सकी। ऐसी घटनाओं से कर्मचारियों को भी परेशानी हो रही है। दोषी की पहचान करने और नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई करने के लिए उचित कदम उठाए जा चुके हैं। प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी तरह से दरवाजों को अवरुद्ध करना, जैसे कि बैग से, शारीरिक बल से, दरवाजे पर झुककर उसके कामकाज में बाधा डालना आदि, दंडनीय है। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेलवे सभी यात्रियों के सहयोग और सहायता से त्वरित और परेशानी मुक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोलकाता मेट्रो रेलवे शहर का गौरव है और मेट्रो अधिकारी सभी से अनुरोध करते हैं कि मेट्रो परिसर में इस तरह की हरकतें न करें। उन्होंने कहा कि पटरियों और स्टेशनों में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऐसी गतिविधियों को आसानी से रिकॉर्ड किया जा सकता है और अपराधियों की पहचान की जा सकती है। ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### शाहजहां मामले के गवाह के वाहन से टकराने वाले ट्रक का खलासी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** संदेश-खाली के शाहजहां शेख मामले के प्रमुख गवाह भोला घोष की कार से टकराने वाले ट्रक के खलासी को नैजाट थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि उस ट्रक का स्थायी खलासी गोलाम होसेन मोल्ला है। हालांकि, घटना के दिन वह ट्रक में था या नहीं, इसकी जांच पुलिस कर रही है। अब तक इस घटना में तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि, अभी तक हत्यारे ट्रक का ड्राइवर फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रविवार को गोलाम को हसनाबाद थाने के खरमपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। उस ट्रक के बारे में जानकारी जुटाने के दौरान पुलिस को गोलाम के बारे में पता चला। उसके बाद से उसके मोबाइल पर निगरानी रखी जा रही थी। उसके मोबाइल टॉवर की लोकेशन की जानकारी के आधार पर पुलिस ने गोलाम को गिरफ्तार किया। हालांकि, वह उस ट्रक का खलासी है, लेकिन उस दिन वह ट्रक में था या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। गिरफ्तार आरोपित को रविवार को ही बशीरहाट सब-डिवीजनल कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उसे आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। हालांकि, ट्रक का ड्राइवर अभी भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।



**Name Change**

I, Sushila Goenka, daughter of Banarasi Das Agarwal and Narayani Agarwal, residing at 148, Rajarhat Road, Kolkata-700157, do hereby solemnly affirm and declare that Sushila Goenka and Sushila Devi Goenka are one and same identical person via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 9th December 2025.

**Name Change**

I, Vijay Kumar Goenka, son of Ram Gopal Goenka and Jamuna Devi Goenka residing at 148, Rajarhat Road, Kolkata-700157, do hereby solemnly affirm and declare that Vijay Kumar Goenka and Vijay Goenka are the same person via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 9th December 2025.

# विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट तेज : ईवीएम की जांच के लिए पांच नोडल अधिकारियों की नियुक्ति!

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की पहले स्तर की जांच के लिए पांच नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। खास बात यह है कि ये पांचों अधिकारी पश्चिम बंगाल के बाहर के राज्यों से बुलाए गए हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए 'फर्स्ट लेवल चेकिंग' एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए ही इन पांच विशेष दूतों को तैनात किया गया है। चुनाव आयोग ने जिन पांच नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया है, वे देश के अलग-अलग राज्यों के वरिष्ठ चुनाव अधिकारी हैं। आयोग का उद्देश्य इन नियुक्तियों के जरिए यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में चुनाव पूर्व की प्रक्रियाओं में पूरी तरह से पारदर्शिता और तटस्थता बनी रहे। अरुणाचल प्रदेश की डिप्टी सीईओ शायनिया कायेम मिजे, महाराष्ट्र के डिप्टी सीईओ योगेश गोसावी, मेघालय के एडिशनल सीईओ पीके बोरो, मिजोरम की ज्वाइंट सीईओ एथेल रोथांगपुई और चुनाव आयोग में अंडर सेक्रेटरी कनिष्क कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये सभी अधिकारी पश्चिम बंगाल के अलग-अलग 'फर्स्ट लेवल चेकिंग' स्थानों पर ऑब्जर्वर के रूप में तैनात रहेंगे और ईवीएम की जांच प्रक्रिया अपनी देखरेख में पूरी करवाएंगे। दरअसल, राज्य के चुनाव अक्सर राजनीतिक रूप से संवेदनशील और हिंसक घटनाओं के लिए चर्चा में रहते हैं। ऐसे में स्थानीय प्रशासन या अधिकारियों पर पक्षपात के आरोप न लगें, इसलिए चुनाव आयोग ने एहतियातन दूसरे राज्यों के अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी है।



### थूक से पन्ना पलट रहा था वकील, जज ने कहा...

# 'हाथ धो लीजिए, नहीं तो मामले की सुनवाई नहीं करूंगी'

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक वकील द्वारा थूक से पन्ने पलटने पर कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने नाराजगी जाहिर की। अदालत का वीडियो प्रसारित हुआ है, उसमें वकील को थूक से दस्तावेज पलटते हुए दिखाया गया है। न्यायमूर्ति सिन्हा ने इसे देखा। उन्होंने तुरंत कहा कि कृपया थूक से पन्ने न पलटें। यह बहुत ही अस्वास्थ्यकर है। कृपया ऐसा न करें। कुछ देर बाद वकील ने कहा कि मुझे खेद है। तब न्यायमूर्ति सिन्हा ने पूछा, आपका बैंड कहां है? क्या यह आपका निजी मामला है? गौरतलब है कि वकील अदालत में प्रश्न-उत्तर सत्र के दौरान अपने कोट के साथ बैंड पहनते हैं। इसके जवाब में वकील ने कहा कि मैं भूल गया था। न्यायमूर्ति सिन्हा ने फिर कहा कि चले जाइए। और पहले अपने हाथ धो लीजिए। नहीं तो मैं अब इस मामले की सुनवाई नहीं करूंगी। पहले अपने हाथ धो लीजिए। इसके बाद, वकील हाथ धोकर आए। फिर न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई की।



विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL · EDUCATION · OBITUARY
PROPERTY · NAME CHANGE · REMEMBRANCE
RECRUITMENT · PUBLIC NOTICE · DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# शिक्षक भर्ती में सख्ती, एसएससी ने 1327 उम्मीदवारों को किया बाहर

## सत्यापन प्रक्रिया के दौरान 800 योग्य अभ्यर्थियों के नाम भी सूची से हटे

**कोलकाता :** शिक्षक नियुक्ति में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने बड़ा कदम उठाया है। एकादश और द्वादश कक्षा के शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में गलत और असंगत जानकारी देने के आरोप में कुल 1327 उम्मीदवारों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इस फैसले के बाद भर्ती प्रक्रिया को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है।



एसएससी सूत्रों के अनुसार, 35 विषयों में इंटरव्यू से पहले की गई सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जांच के दौरान कई ऐसे उम्मीदवार सामने आए, जिनके शैक्षणिक योग्यता और शिक्षण अनुभव से जुड़े दस्तावेजों में गंभीर विसंगतियां पाई गईं। इसी कारण इन अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया।

आयोग की ओर से बताया गया है कि फिलहाल शिक्षक भर्ती के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया जारी है और इसे दिसंबर के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी बीच उम्मीदवारों को हटाए जाने के कारणों को स्पष्ट करते हुए आयोग ने एक सूची भी जारी की है।

एसएससी का दावा है कि इस भर्ती प्रक्रिया में अधिकांश योग्य उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। करीब 95 प्रतिशत शिक्षक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार का मौका दिया गया है। हालांकि, सूत्रों की मानें तो सत्यापन के दौरान लगभग 800 ऐसे अभ्यर्थियों के नाम भी हटाए गए हैं, जिन्हें पहले योग्य माना गया था।

एकादश-द्वादश और नवम-दशम कक्षा के लिए इंटरव्यू में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार की जा रही है। इसी सूची निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के बाहर होने का आंकड़ा सामने आया है।

## छर्रा सोलर पावर प्लांट के बाहर अस्थायी कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**पुरुलिया :** पुरुलिया के छर्रा सोलर पावर प्लांट के बाहर 12 अस्थायी कर्मचारी गत 29 नवंबर से लगातार अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह आंदोलन सोलर पावर प्लांट के मेन गेट के बाहर बैनर और पोस्टर के साथ चल रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि वे 2016 से इस सोलर पावर प्लांट की देखभाल कर रहे हैं। सभी कम सैलरी पर अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। बड़े एरिया में फैले इस प्लांट में काफी सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। पूरा एरिया झाड़ियों से भरा है। वर्कर्स भी काफी नहीं हैं, जिसकी वजह से कभी-कभी चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। चोरी का झूठा इल्ज़ाम वर्कर्स पर लगा दिया जाता है। असली चोर पकड़े नहीं जाते। वर्कर्स पर तरह-तरह के आरोप लगने



के बाद अधिकारियों ने अचानक उन्हें कहीं और ट्रांसफर करने के निर्देश जारी कर दिए जाते है। कर्मचारियों का आरोप है कि उनका गलत तरीके से ट्रांसफर किया जा रहा है। इसके विरोध में और सैलरी बढ़ाने, परमानेंट नौकरी और ट्रांसफर खत्म करने की मांग को लेकर कर्मचारी 29 नवंबर से लगातार विरोध कर रहे हैं। आदिवासी कुर्मी समाज के चीफ एडवाइजर अजीत प्रसाद महतो ने प्रदर्शनकारियों का साथ दिया है। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे टेम्परेरी कर्मचारियों से मुलाकात की और उन्हें उनकी जायज मांगों को पूरा करने की चेतावनी दी।

### हावड़ा से सुंदरबन घूमने गए पर्यटक की अचानक मौत, जांच जारी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा निवासी एक व्यक्ति की सुंदरबन यात्रा के दौरान अचानक मौत हो गई। मृत व्यक्ति का नाम तमाल सरकार(55) है। वह शनिवार को हावड़ा से 20 सदस्यों के दल के साथ सुंदरबन भ्रमण के लिए रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान टूरिस्ट बोट पर उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत गोसाबा अस्पताल ले जाया गया। कुछ समय बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन ने गोसाबा थाने को दी, और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक के साथ परिवार के सदस्य और टूर ऑपरेटर के कर्मचारी मौजूद थे। चिकित्सकों का प्राथमिक अनुमान है कि स्ट्रोक के कारण मौत हुई। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक मौत की पुष्टि नहीं हो सकती।

## भाजपा विधायक का विवादित बयान, पुलिस के हाथ-पैर तोड़ने की धमकी

**पश्चिम मेदिनीपुर :** राज्य में एक बार फिर भाजपा विधायक के विवादित बयान ने सुर्खियां बटोरी हैं। घाटाल के भाजपा विधायक शीतल कपाट ने पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि सभी ओसी (थाना प्रभारी) का एक हाथ और एक पैर तोड़ दिया जाएगा। वे लंगड़े की तरह चलेंगे। वे बचने की कोशिश करेंगे इसलिए तृणमूल को बचाने नहीं जाएंगे। दरअसल, शनिवार को पश्चिम मेदिनीपुर के घाटाल में 'परिवर्तन सभा' का आयोजन किया गया था। इस दौरान, भाजपा विधायक शीतल कपाट ने यह विस्फोटक बयान दिया।



2026 के चुनाव को सामने रखते हुए उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। विधायक ने कहा कि चुनाव में पुलिस के हाथ-पैर तोड़ दिए जाएंगे। पुलिस कहेगी हमें बचने दो, चुनाव में कोई तृणमूल बीडीओ-एसडीओ नहीं रहेगा। यहां तक कि 2026 के चुनाव में तृणमूल के कोई चोर नेता नहीं होंगे। विधायक की इस टिप्पणी को लेकर तीखी प्रतिक्रिया हो रही है।

## हावड़ा डिवीजन ने हासिल की बड़ी इंजीनियरिंग उपलब्धि, दो प्रमुख रेलवे पुलों का सफल पुनर्निर्माण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए कड़े मेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के दौरान दो प्रमुख रेलवे पुलों का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण किया है। यह कार्य 13/14 दिसंबर 2025 की रात को पूरा किया गया, जिससे ट्रेन सेवाओं की सुरक्षित और समय पर बहाली सुनिश्चित हो सकी। पूर्व रेलवे के चल रहे बुनियादी ढांचा उन्नयन कार्यक्रम के तहत शेवड़ाफुली-तारकेश्वर सेक्शन (डाउन लाइन) में स्थित ब्रिज नंबर 3 और ब्रिज नंबर 45 की पुरानी संरचनाओं को हटाकर आधुनिक आरसीसी बॉक्स ब्रिज लगाए गए। इस कार्य के लिए भारी क्षमता वाले रेलवे क्रेनों का उपयोग किया गया। ब्रिज नंबर 3 पर 13 दिसंबर की रात 23:25 बजे से 14 दिसंबर की सुबह 09:50 बजे तक




कुल 10 घंटे 30 मिनट का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया गया। इस दौरान पुराना पुल हटाकर हावड़ा रेलवे क्रेन की मदद से पांच स्लैब और चार बॉक्स वाला नया आरसीसी बॉक्स ब्रिज स्थापित किया गया।

वहीं, ब्रिज नंबर 45 पर 13 दिसंबर की रात 22:55 बजे से 14 दिसंबर की सुबह 09:50 बजे तक 11 घंटे का ब्लॉक लिया गया, जिसमें रामपुरहाट रेलवे क्रेन की सहायता से सात स्लैब और छह बॉक्स वाला नया आरसीसी बॉक्स ब्रिज लगाया गया। दोनों कार्यों के सफल समापन के बाद सुबह 09:55 बजे ट्रैफिक और पावर ब्लॉक समाप्त कर दिए गए, जिससे ट्रेन परिचालन सुचारू और सुरक्षित रूप से पुनः शुरू हो सका।

## तमलुक में जनरेटर में बाल फंसने से युवती की दर्दनाक मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के तमलुक थाना अंतर्गत काशीपुर इलाके में शनिवार रात पूजा उत्सव के दौरान हृदयविदारक हादसे में एक युवती की मौत हो गई। जनरेटर में बाल फंस जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई, बाद में अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान काशीपुर निवासी सुचरिता बेरा के रूप में हुई है। वह बीएड की छात्रा थी। उसके पिता रवींद्रनाथ बेरा नवान्न में ग्रुप-डी पद पर कार्यरत हैं।

बताया गया है कि काली पूजा के अवसर पर इलाके में सांस्कृतिक कार्यक्रम और शोभायात्रा का आयोजन चल रहा था। कार्यक्रम के दौरान नाच-गाने में व्यस्त माहौल के बीच सुचरिता कुछ देर आराम करने के लिए पास खड़े एक वैन पर चढ़ गई। इसी दौरान वहां चल रहे जनरेटर में पहले उसकी ओढ़नी और फिर बाल उलझ गए। जनरेटर के रोटर में बाल फंसने से उसका सिर जोर से खिंच गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत उसे ताम्रलिप्त गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

फिलहाल, तमलुक थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है।

## शांतिनिकेतन में पूर्व तृणमूल बूथ अध्यक्ष की रहस्यमय मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**बीरभूम :** जिले के शांतिनिकेतन थाना अंतर्गत कंकालीतला ग्राम पंचायत के धलटिकुड़ी गांव में रविवार को पूर्व तृणमूल बूथ अध्यक्ष मदन लोहार (50) की रहस्यमय मौत को लेकर स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। बता दें कि शनिवार शाम से मदन लापता थे। इस दिन, सुबह में धलटिकुड़ी इलाके के एक मैदान में उनका शव पड़ा मिला। खबर मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, स्थानीय लोगों के विरोध के कारण दोपहर तक शव को पुलिस अपने कब्जे में नहीं ले सकी थी। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में स्थानीय लोगों ने देखा कि धलटिकुड़ी के एक मैदान में मदन का शव पड़ा हुआ है। उनके कान से



खून बह रहा था। हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि शरीर के अन्य हिस्सों पर किसी चोट का निशान नहीं है। परिवार और इलाके के लोगों का आरोप है कि मदन की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई है। खबर मिलने पर शांतिनिकेतन थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। लेकिन जब पुलिश शव को उठाने लगी तो इलाके के लोगों और मृतक के परिवार ने इसमें बाधा डाली। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक मौत की सही और निष्पक्ष जांच का आश्वासन नहीं मिलता, तब तक शव को नहीं हटाया जा सकता। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की भी मांग की है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस की ओर से बताया गया है कि मौत के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम सहित सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। हालांकि, स्थानीय लोगों के विरोध के कारण खबर लिखे जाने तक शव को बरामद नहीं किया जा सका था।

## ग्रीन लाइन में आज से मेट्रो सेवाओं का विस्तार, समय सीमा भी बढ़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो आज से ग्रीन लाइन में मेट्रो सेवाओं की संख्या बढ़ा रही है, साथ ही सेवा समय का भी विस्तार कर रही है। सोमवार से शुक्रवार तक ग्रीन लाइन में अब कुल 228 सेवाएं (114 अप और 114 डाउन) चलाई जाएंगी, जो पहले 226 थीं। शनिवार को सेवाओं की संख्या 202 से बढ़ाकर 204 कर दी गई है, जबकि रविवार को 104 के बजाय 108 सेवाएं संचालित होंगी। इसके साथ ही 15 दिसंबर से प्रतिदिन अंतिम मेट्रो अब रात 10.05 बजे हावड़ा मैदान स्टेशन से रवाना होगी, जो सेंट्रल पार्क स्टेशन तक जाएगी। सोमवार से शनिवार तक पहली मेट्रो साल्ट लेक सेक्टर-



5 से हावड़ा मैदान के लिए सुबह 6.39 बजे चलेगी, जबकि हावड़ा मैदान से सेक्टर-5 के लिए पहली सेवा अब सुबह 6.45 बजे होगी। अंतिम मेट्रो दोनों दिशाओं में रात 9.55 बजे चलेगी। रविवार को भी सेवा समय में विस्तार किया गया है, जिसमें हावड़ा मैदान से सेंट्रल पार्क के लिए नई रात 10.05 बजे की सेवा शामिल है।

## इस्लामपुर में दो गुटों में हिंसा, आठवीं कक्षा की छात्रा की मौत

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के इस्लामपुर में दो गुटों के बीच इलाके पर कब्जे को लेकर हुई हिंसक झड़प में एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई। शनिवार की देर रात हुई इस घटना में बमबाजी और गोलीबारी हुई। इस घटना से इलाके में भारी तनाव व्याप्त है। पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अब तक पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से पता चला है कि मृत नाबालिग का नाम कौसेरा बेगम (12) है। नाबालिग इस्लामपुर थाने के माटीकुंडा नंबर 2 पंचायत के झलझली इलाके की रहने वाली थी।



वह आठवीं कक्षा की छात्रा थी। स्थानीय सूत्रों से पता चला है कि लंबे समय से रफीक आलम और नूर आलम के बीच इलाके पर कब्जे को लेकर संघर्ष चल रहा था। मृत नाबालिग के पिता जाहिद आलम रफीक आलम के समर्थक हैं। आरोप है कि शनिवार की रात को नूर आलम के लोगों ने जाहिद आलम के घर पर बमबाजी की। गोलीबारी भी हुई। इस हमले में छर्रों की गोली से जाहिद आलम की नाबालिग बेटी कौसेरा घायल हो गई। उसे तुरंत बचाकर इस्लामपुर सब-डिवीजनल अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने नाबालिग को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, स्थिति तनावपूर्ण हो गई। खबर मिलते ही घटनास्थल पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लिया। रविवार सुबह इलाके में दबा हुआ तनाव बना हुआ है। अप्रिय स्थिति से बचने के लिए इलाके में पुलिस तैनात है।

### एकेडमी ऑफ वैदिक विद्या ने लॉन्च किया भारत का पहला लक्जरी स्पिरिचुअल ब्रांड 'ट्रेजर्स ऑफ वेदा'

**कोलकाता, समाज्ञा :** एकेडमी ऑफ वैदिक विद्या (एवीवी) ने देश का पहला लक्जरी स्पिरिचुअल लाइफस्टाइल ब्रांड 'ट्रेजर्स ऑफ वेदा' लॉन्च किया। यह ब्रांड आधुनिक जीवनशैली में प्रामाणिक वैदिक ज्ञान और प्रीमियम कारीगरी का अनोखा संगम प्रस्तुत करता है। टीओवी के उत्पाद मंत्र-ऊर्जित और ज्योतिषीय रूप से प्रमाणित हैं, जिन्हें खास तौर पर आधुनिक उपभोक्ताओं के लिए तैयार किया गया है। ब्रांड की रेंज में रत्न, रुद्राक्ष, हीलिंग क्रिस्टल, यंत्र और पूजा किट जैसी प्रीमियम वस्तुएं शामिल हैं। प्रत्येक उत्पाद वैदिक शुद्धिकरण और मंत्र ऊर्जाकरण के बाद ग्राहक तक पहुंचता है, जिससे मानसिक स्थिरता, भावनात्मक संतुलन और व्यक्तिगत आध्यात्मिक ऊर्जा सुनिश्चित होती है। एवीवी के डायरेक्टर एवं सीईओ निरपेक्ष कुम्भट ने कहा, ट्रेजर्स ऑफ वेदा प्राचीन ज्ञान और आधुनिक सौंदर्य का पवित्र अनुभव है। ब्रांड फिलहाल केवल आधिकारिक ऑनलाइन स्टोर पर उपलब्ध है और जल्द ही चुनिंदा लक्जरी रिटेल और अनुभव केंद्रों में भी आएगा।

### दोस्तों के साथ घूमने की अनुमति न मिलने पर सातवीं कक्षा के छात्र ने की आत्महत्या

**कोलकाता :** नदिया जिले के कल्याणी में एक 14 वर्षीय सातवीं कक्षा के छात्र देबरती तापादार ने दोस्तों के साथ घूमने की अनुमति न मिलने पर दुखद कदम उठाया। जानकारी के अनुसार, देबरती ने हाल ही में अपने दोस्तों के साथ घूमने की योजना बनाई थी और इस बारे में अपनी मां से अनुमति मांगी। जब उनकी मां ने साफ मना कर दिया और उसे डांटा, तो छात्र घर लौट गया। इसके बाद, शाम को उसकी मां ने घर में देबरती को फांसी पर लटका पाया। घटना की जानकारी पड़ोसियों को दी गई, जिन्होंने तुरंत मदद की और छात्रको कल्याणी जवारलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रजत जयंती पर नव-स्वरूप में नजर आया श्री श्याम मंदिर पंचवटीधाम

### जया किशोरी के भक्त चरित्र और 'मौंज फकीरा दी' के भजनों ने श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर

**कोलकाता :** बाबा श्याम के अनन्य भक्त ब्रह्मलीन गुरूवर श्रद्धेय काशीराम जी शर्मा के शुभाशीष एवं समर्पित श्याम सेवकों श्यामलीन रामअवतार जी सुल्तानियाँ एवं श्यामरत्न गणेश नारायण जी सुल्तानियाँ द्वारा संस्थापित श्री श्याम मंदिर पंचवटी धाम की स्थापना का रजत जयंती महोत्सव बाबा श्याम के गुणगान के भव्य विराट आयोजन के साथ मनाया गया। आयोजकों ने बताया कि अनन्य श्याम सेवक 'श्यामरत्न' गणेश नारायण जी सुल्तानियाँ ने बाबा श्याम के भक्तों के लिए बाबा श्याम की छत्रछाया में बाबा के मंदिर सहित कॉम्प्लेक्स का जो स्वपन संजोया था वो पंचवटी और श्याम बाबा कॉम्प्लेक्स के रूप मे 11 दिसम्बर 2000 को साकार हुआ था और उसी की रजत जयंती पूर्ति पर नव स्वरूप में निर्मित श्री श्याम मंदिर पंचवटी धाम को देखकर श्याम भक्त मंत्रमुग्ध हो गये। बाबा



श्याम के गगनभेदी जयकारों के मध्य नव स्वरूप के उद्घाटन के पश्चात श्याम भक्तों का आवागमन देर रात तक चलता रहा। श्री श्याम मंडल नूतन बाजार के तत्वावधान और श्रद्धेय श्री ओंकारमल जी शर्मा एवं श्री बलराम दास बाबा जी (वृन्दावन वाले) की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित रजत जयंती महोत्सव में विश्व विख्यात आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी ने भक्त चरित्र पर अपने सारगर्भित व्याख्यान देते हुए कहा कि जीवन में भगवान की भक्ति अवश्य करें क्योंकि भक्ति जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने कई महान भक्तों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सभी ने बचपन से ही भक्ति की। जबकि आज के युवा भक्ति को बुजुर्गों का काम मानते हैं किन्तु भक्ति उम्र देखकर नहीं की जा सकती भक्ति तो जीवन को सवारने का ससक्त माध्यम है। अपने सुरीले कंठ से और सुपरिचित अंदाज में कई सुमधुर भजनों के द्वारा जया जी ने उपस्थित सैकड़ों भक्तों को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। तत्पश्चात दिल्ली से पधारे मौज फकीरा दी समूह के गायकों ने कृष्णराधा नाम की ऐसी रसधारा प्रवाहित की कि श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

उल्लेखनीय है कि श्याम मंदिर पंचवटीधाम आज कोलकाता महानगर में श्याम भक्तों की आस्था और विश्वास का अन्यतम पावन धाम बन गया है जहां नित्य प्रति सैकड़ों श्रद्धालू माथा टेकने आते हैं। रजत जयंती पर मंदिर का जीर्णोद्धार कर इसे नव-स्वरूप देते हुए इसे पूर्णतः वातानुकूलित बनाया गया है। यहां पर आगामी 3-4 जनवरी को लगभग 31 घंटे व्यापी भव्य विराट श्री श्याम महोत्सव श्री श्याम मंडल (नूतन बाजार) का आयोजन होगा।

## आरपीएफ ने लौटाया यात्रियों का 3.14 लाख से अधिक का खोया सामान

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरपीएफ ने यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की सुरक्षित बरामदगी को लेकर एक बार फिर प्रभावी कार्य करते हुए 'ऑपरेशन अमानत' के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पूर्व रेलवे क्षेत्र में आरपीएफ ने यात्रियों द्वारा गलती से छूटे हुए 3.14 लाख से अधिक मूल्य के सामान को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा है। 13 दिसंबर 2025 को हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह डिवीजनों में तैनात आरपीएफ कर्मियों ने विभिन्न रेलवे स्टेशनों और परिसरों से छोड़ा गया सामान बरामद किया। इनमें दो जैकेट, एक ब्लेजर, दो मोबाइल फोन और 17 बैग व वॉलेट शामिल हैं। बरामद बैगों में लैपटॉप, महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाइयां, कपड़े, एक कालीन और 1,500 नकद सहित अन्य मूल्यवान वस्तुएं पाई गईं।




यह बरामदगी हावड़ा, वर्दवान, बंडेल, सैंथिया, रामपुरहाट, सियालदह, बालीगंज, बनगांव, बैरकपुर, आसनसोल, जामताड़ा, दुमका, दुर्गापुर, जसीडीह और मालदह रेलवे स्टेशनों पर की गई। सभी वस्तुओं का विधिवत सत्यापन और दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें संबंधित यात्रियों को सौंप दिया गया।

# दिव्य संत सभा का हुआ भव्य समापन

**कोलकाता :** मनुष्य अपने भीतर मनुष्यता को जागृति योग के बल से करता है। माया के बंधन से मुक्ति योग बल से ही किया जा सकता है। मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा शत्रु उसका अहंकार है। इसे विवेक से खत्म किया जा सकता है। आत्मशुद्धि और ध्यान का जो दीप जलता है तो आत्मबोध होता है तब मनुष्य अपने जीवन को पहचान लेता है। आज समाज को योग की आवश्यकता है। सेवा ही जीवन की पहचान है। अच्छा बनो, अच्छा कर्म करो, यही उत्तम साधना है। संन्यासी के जीवन का उद्देश्य है, लोगों में संस्कार देना और अच्छा कर्म करने की प्रेरणा देना। जो जीवन में योग सिद्ध करता है वही संन्यासी है। अच्छा कर्म करना बैकुन्ठ का मार्ग है। विदेशी लोग भारत के धन को नहीं संस्कृति से आकर्षित होते हैं।



हमें जीवन को ईश्वरमय बनाना है और उसे पहचानना है।

ये बातें आध्यात्मिक-सांस्कृतिक संस्था श्रीशरणम् के तत्वावधान में दिव्य संत सभा में योग विषय पर प्रवचन करते हुए परमहंस परिव्राजकाचार्य पद्म भूषण स्वामी निरंजनानंद सरस्वती महाराज ने कला मंदिर सभागार में कही।

भक्ति विषय पर प्रवचन करते हुए श्रद्धेय स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि ध्यान में बैठे श्रीकृष्ण का नाम ब्रह्म है और नाचते हुए ब्रह्म का नाम श्रीकृष्ण है। महर्षि नारद को वेदों के सूक्तियों में नहीं ओखली में बंधे श्रीकृष्ण ब्रह्म के रूप में दिखाई दिया। वहां उन्हें यशोदा का प्रेम दिखाई देता है। मेरे गुरुदेव स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज कहते थे, पहले मनुष्य बनो। किसी का हक मत छीनो। किसी को योजना बनाकर नुकसान मत करो। जो अपने गुरु के बताए मार्ग पर सच्चाई से चलता है, उसे ठाकुर का दर्शन होता है। उन्होंने लोगों से निवेदन किया कि अपनी मातृभाषा, अपने पहनावे और अपनी संस्कृति पर गौरव करना सीखे।

वेदांत विषय पर प्रवचन करते हुए परमहंस डा .स्वामी मुक्तानंद महाराज ने कहा कि हंस शब्द वेदों में आत्मा के लिए प्रयोग किया गया है। जो परमात्मा है वही मैं हूं। परमात्मा मेरे भिन्न नहीं है। वेदांत जीवन को जीना सिखाता है। जब तक निज स्वरूप को प्राप्त नहीं करोगे तब शान्ति नहीं मिलेगी। आत्मस्वरूप ही परमात्मा स्वरूप है। नाम रूप अनेक हैं पर वह चतैन्य एक है। अंत:करण की शुद्धि के लिए अनेक साधन बताए गये है। उपासना से वासना चली जाती है और भक्ति से चित्त की चंचलता खत्म हो जाती है। ऐसा होने पर आत्मस्वरूप का बोध होता है। अपने भीतर बैठे सच्चिदानंद का अनुभव होने लगता है। कार्यक्रम का संचालन व संस्था का परिचय डा.ब्रजेश दीक्षित ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्टीगण सज्जन कुमार सिंघानिया, मुरारीलाल दीवान, अरविन्द नेवर, राम अवतार केडिया, ओमप्रकाश जाजू, राजेन्द्र बिहानी, राजू चौधरी, बिनोद माहेश्वरी, वर्षा अग्रवाल व संदीप अग्रवाल सक्रिय रहे। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी मनोज कुमार राय, मंजू नेवर, शकुंतला दीवान, अशोक चूड़ीवाल, प्रभात पंसारी, रामकथा वाचक पुरुषोत्तम तिवारी, महाबीर रावत सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शिष्य नरेन्द्र (विवेकानंद) जैसा सतपात्र हो, गुरु रामकृष्ण जैसा हो

**कोलकाता :** करपात्री जी फाउंडेशन के स्वामी त्र्यंबकेश्वर चैतन्य जी महाराज का गोविन्द भवन, कोलकाता में धार्मिक सत्संग में परमहंस मठ व मिशन, ब्रह्ममयी काली मन्दिर, नोआपाड़ा की ओर से स्वामी परमात्मानंद महाराज ने स्वागत किया। स्वामी चैतन्य महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा रामकृष्ण परमहंस ने नरेन्द्र की चेतना को जागृत कर विवेकानंद नाम दिया। शिष्य नरेन्द्र जैसा सतपात्र हो, गुरु रामकृष्ण जैसा हो, भारत के साथ विश्व में रामकृष्ण परमहंस की पावन कृति की पताका फहरा कर विवेकानंद ने गुरु एवम् भारत का गौरव बढ़ाया । बंगभूमि में वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चन्द्र चटर्जी, जन गण मन के रचयिता कविगुरू रविन्द्र नाथ टैगोर, स्वाधीनता संग्राम के नायक सुभाष चंद्र बोस, चैतन्य महाप्रभु, महर्षि



अरविन्द एवम् अनेक महापुरुषों ने बंगभूमि का गौरव बढ़ाया है। स्वामी परमात्मानंद महाराज ने कहा रामकृष्ण परमहंस बंगाल के एक महान संत और आध्यात्मिक गुरु थे, जिन्होंने देवी काली की भक्ति और सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया, जिससे स्वामी विवेकानंद जैसे शिष्य प्रेरित हुए और वैदिक सनातन धर्म का विश्व में प्रचार किया। रामकृष्ण परमहंस ने भक्ति और वेदांत के माध्यम से ईश्वर प्राप्ति का मार्ग दिखाया। परमहंस सम्मान उस संन्यासी को दिया जाता है जिसने ज्ञान की परम अवस्था प्राप्त कर ली हो, जो आध्यात्मिक ज्ञान के प्रचारक हैं। ब्रह्मचारी प्रणवानंद चैतन्य महाराज, आचार्य सागर महाराज, आचार्य आदर्श महाराज, शास्त्री विश्वजीत शर्मा एवम् श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

# ट्रैफिक नियंत्रण में और सख्ती, अब हावड़ा सिटी पुलिस में भी 'बॉडी कैमरा' अनिवार्य

**हावड़ा, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस की तर्ज पर अब हावड़ा सिटी पुलिस में भी ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान बॉडी कैमरा का उपयोग अनिवार्य किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों से लेकर कांस्टेबल और होमगार्ड तक, ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को बॉडी कैमरा पहनना होगा। हावड़ा सिटी पुलिस की पहल पर इसे फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया है। इस परियोजना की शुरुआत हावड़ा ट्रैफिक गार्ड क्षेत्र से की गई है। बॉडी कैमरे के जरिए सड़क पर ट्रैफिक नियंत्रण के दौरान पुलिसकर्मियों की भूमिका, आम लोगों की शिकायतें और ड्यूटी के दौरान होने वाली गतिविधियों की बारीकी से निगरानी की जाएगी। कैमरे में रिकॉर्ड होने वाले फुटेज के आधार पर ट्रैफिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। हावड़ा सिटी ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, ड्यूटी के समय बॉडी कैमरा का उपयोग अब अनिवार्य होगा। हावड़ा सिटी पुलिस के सभी आठ ट्रैफिक गार्ड इस नियम के दायरे में आएंगे। अब तक केवल सब-इंस्पेक्टर, एएसआई और आईसी स्तर के अधिकारी ही बॉडी



कैमरा का इस्तेमाल करते थे और वह भी हर समय कैमरा चालू रखना जरूरी नहीं था। नई गाइडलाइन के तहत ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को 24 घंटे कैमरा ऑन रखना होगा। निर्देश के अनुसार, ड्यूटी शुरू होने से पहले बॉडी कैमरा को यूनिफॉर्म के सामने के हिस्से में लगाकर ऑन करना अनिवार्य होगा। ड्यूटी समाप्त होने के बाद कैमरा बंद कर ट्रैफिक गार्ड में जमा करना होगा। कैमरा जमा करते समय रजिस्टर में एंट्री करना भी जरूरी किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कैमरे के फुटेज के माध्यम से यह देखा जाएगा कि ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का सही तरीके से पालन कर रहे हैं या नहीं। आम लोगों की ओर से मौखिक रूप से दर्ज कराई गई शिकायतों की भी फुटेज के आधार पर जांच की जाएगी। हावड़ा ट्रैफिक गार्ड के बाद चरणबद्ध तरीके से दासनगर, गोलाबाड़ी, बाली, धूलागढ़, कोना, हावड़ा ब्रिज और दूसरे हुगली सेतु ट्रैफिक गार्ड क्षेत्रों में भी यह व्यवस्था लागू की जाएगी। हावड़ा सिटी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत हावड़ा ट्रैफिक गार्ड को कुल 125 बॉडी कैमरे दिए गए हैं, जबकि लगभग 30 कैमरे स्टैंडबाय के तौर पर रखे जा रहे हैं। कैमरों के फुटेज को सुरक्षित रखने के लिए अलग से स्टोरेज व्यवस्था भी की जा रही है।

## टीएमसी की सेंधमारी रोकने के लिए भाजपा एसआईआर के दूसरे चरण के लिए सभी बूथों पर गुप्त बीएलए भी नियुक्त करेगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में गड़बड़ियों को उजागर करने और सत्तारूढ़ टीएमसी की सेंधमारी को रोकने के लिए प्रदेश भाजपा सभी बूथों पर अब गुप्त बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) भी नियुक्त करेगी। गुरुवार को कोलकाता के न्यूटाउन में पार्टी के एसआईआर और बूथ सशक्तीकरण मामलों के विभिन्न स्तरों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित कार्यशाला में इसका फैसला लिया गया। इस कार्यशाला में जिलों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। इस बैठक में प्रदेश भाजपा के पर्यवेक्षक व बिहार सरकार में मंत्री मंगल पांडे, सह- पर्यवेक्षक अमित मालवीय सहित प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेता मौजूद थे। बैठक में विस्तार से बताया गया कि एसआईआर के तहत 16 दिसंबर को बंगाल में मतदाता मसौदा सूची जारी होने के बाद बीएलए को एसआईआर के दूसरे चरण में क्या करना है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, आरामबाग सांगठनिक जिले के गोघाट से एक नेता ने बैठक में आशंका जताई कि टीएमसी उन लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन दिखाकर अपनी तरफ खींचने या काम से रोकने की कोशिश करेगी, जिन्होंने एसआईआर के पहले चरण में काफी दिनों तक बीएलओ के साथ सक्रिय होकर या घर-घर जाकर बीएलए-2 के तौर पर काम किया है। उन्होंने बूथ-बूथ गुप्त बीएलए-2 नियुक्त करने का भी प्रस्ताव रखा, जिसे बैठक में स्वीकार कर लिया गया। खबर है कि ये बीएलए भरे गए एसआईआर गणना फार्म व दस्तावेजों का दूसरे चरण में होने वाले सत्यापन कार्य के दौरान उसमें पाई जानी वाली गड़बड़ियों आदि की जानकारी पार्टी नेतृत्व को देंगे या सीधे चुनाव आयोग के पोर्टल पर इसकी शिकायत करेंगे। पार्टी का मानना है कि गुप्त बीएलए को पहचाने जाने के चांस कम हैं। इसलिए तृणमूल उन्हें डर या लालच नहीं दिखा पाएगी। इसके अलावा एसआईआर के दूसरे चरण में तृणमूल कांग्रेस द्वारा धांधली की कोशिश की आशंका के मद्देनजर गुप्त बीएलए स्थानीय स्तर पर विशेष नजर रखेंगे।

## शादी के दिन गायब हुआ दूल्हा, युवती ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप, शिकायत दर्ज

**हुगली, समाज्ञा :** पांच महीने का प्रेम संबंध और शादी की तैयारी, लेकिन शादी के दिन दूल्हा गायब हो गया। दक्षिण 24 परगना के मंदिरबाजार थाना अंतर्गत दक्षिण बिष्णुपुर गांव की श्वेता भट्टाचार्य का आरोप है कि युवक ने उससे सोना और पैसे लेकर गायब हो गया। श्वेता भट्टाचार्य ने रविवार को उत्तरपाड़ा के रहने वाले मैनक बनर्जी नामक युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। श्वेता का दावा है कि पिछले पांच महीने से हुगली जिले के उत्तरपाड़ा के युवक मैनक के साथ उसका संबंध था। उनकी शादी गत शनिवार 13 दिसंबर को होनी थी। उसी के अनुसार सभी तैयारियां भी कर ली गई थीं। लेकिन दूल्हा शादी के मंडप में उपस्थित नहीं हुआ। उसने अपना मोबाइल भी बंद कर दिया। इसके कारण शादी टूट गई। रविवार को युवती अपने चाचा श्यामल भट्टाचार्य के साथ उस युवक के घर पर पहुंची। वहां दरवाजे पर दस्तक देने पर भी किसी का जवाब नहीं मिला। इसके बाद, श्वेता उत्तरपाड़ा थाने पहुंची। उसका आरोप है कि शादी का वादा करके उस युवक ने उससे सोने के गहने और पैसे लिए थे। उसने खुद को एक प्रथम श्रेणी की बहुराष्ट्रीय कंपनी का मैनेजर बताया था। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।


## धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिक उत्सव



**कोलकाता :** श्री राणी सतीजी शोभायात्रा समिति का वार्षिक उत्सव रविवार को नंदो मल्लिक लेन स्बेथित रीवाल भवन में धूमधाम से संपन्न हुआ। अखंड ज्योत, छप्पन भोग और अलौकिक श्रृंगार के समक्ष शहर की प्रसिद्ध दादी मंडलियों द्वारा भजन पुष्प अर्पित किए गए। समिति के सुरेश जालान, विजय कुमार बेरीवाल, सज्जन सराफ, रमेश जालान, योगेश जालान, लक्ष्मी गुप्ता, मनोज झुनझुनवाला, विनय मस्कारा, राहुल भुवननिया, संजय हकीम, दीपक जालान, पुरषोत्तम सुरेका, राहुल भुवनीय, इशू झुनझुनवाला, विनोद खेतान, लाला पसारी का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान दादीजी पर आधारित अद्भुत नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई । यह जानकारी अजय (सोनू) ने दी।

## कोलकाता पुलिस के 'उत्सर्ग' कार्यक्रम के तहत 1272वां रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस के कम्युनिटी पुलिस विंग द्वारा संचालित 'उत्सर्ग' कार्यक्रम के अंतर्गत 1272वां रक्तदान शिविर भांगड़ पुलिस स्टेशन के तत्वावधान में 13 दिसंबर को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से एएमपी बैंक्वेट हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर कोलकाता पुलिस के अधिकारियों, स्थानीय नागरिकों और समाजसेवी संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। भांगड़ पुलिस स्टेशन के प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार ठाकुर ने रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विकास जायसवाल उपस्थित रहे।



## धान के खेत में मिला अज्ञात युवक का शव

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के खेजुरी में सुबह-सुबह धान के खेत से एक अज्ञात युवक का मृत शरीर बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, खेजुरी के बीरबंदर अजया गांव के खाली बांध के पास धान के खेत में अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि युवक की हत्या किसी और जगह पर की गई और शव को अजया गांव में फेंक दिया गया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक की दम घोंटकर हत्या की गई है। सोमवार सुबह इलाके के लोगों ने जब शव को देखा तो हड़कंप मच गया और लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। खेजुरी थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## हावड़ा में ब्लाउज की दुकान में लगी आग

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के मल्लिक फाटक इलाके में स्थित एक ब्लाउज की दुकान में शनिवार की देर रात भीषण आग लगने से दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गई। खबर मिलते ही घटनास्थल पर दमकल के दो इंजन पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। दुकान मालिक ने रविवार को बताया कि आठ से 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। किसी तरह दुकान के ऊपर स्थित मकान को बचाया जा सका। मालिक का आरोप है कि यह दुर्घटना नहीं थी, बल्कि उनकी दुकान को जानबूझकर जला दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात हावड़ा के जीटी रोड पर मल्लिक फाटक स्थित एक ब्लाउज की दुकान से धुआं उठता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत दुकान के ऊपर तीसरी मंजिल पर रहने वाले मालिक कार्तिक कुंडू को खबर दी।



वह नीचे आए और देखा कि दुकान में आग लग रही है। शुरुआत में, उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन इसे नियंत्रित नहीं कर सके। दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गई। आग की तीव्रता इतनी थी कि बगल में स्थित एक पान की दुकान और साड़ी की दुकान में भी आग फैल गई। दोनों दुकानों को भी आंशिक नुकसान हुआ। दमकल विभाग आग लगने के सही कारणों की जांच कर रहा है।

## स्व. रमनी देवी सेठिया की पुण्य स्मृति में तेरापंथ युवक परिषद ने आयोजित किया भोजन वितरण कार्यक्रम

**हावड़ा, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सेवा, संस्कार और संगठन तीनों आयामों के अंतर्गत तेरापंथ युवक परिषद उत्तर हावड़ा एवं तेरापंथ किशोर मंडल उत्तर हावड़ा ने रविवार को अर्हम जल सेवा (हावड़ा ब्रिज के पास) में भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्व. रमनी देवी सेठिया की पुण्य स्मृति में श्रीमती आभा और संदीप खटेड़ द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक नमस्कार महामंत्र से किया गया। तत्पश्चात संदीप खटेड़ ने अपने पारिवारिकजनों के साथ उपस्थित लोगों के बीच जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया। कार्यक्रम में तेरापंथ युवक परिषद उत्तर हावड़ा के विशेष आमंत्रित सदस्य नरेंद्र दुगड़, रजत



बैद, आशकारण बच्छावत, सुरेश डांगी, अशोक भंसाली, नरेन्द्र बोथरा, संजय बैद, आभातेयुप सदस्य संदीप कुमार डागा, निवर्तमान अध्यक्ष विनीत कोठारी, अध्यक्ष अरुण कुमार बोहरा, उपाध्यक्ष प्रथम बसंत पटावरी, मंत्री जितेंद्र सिंघी, सहमंत्री प्रथम दिनेश लुनिया, संगठन मंत्री बिशाल आंचलिया, कोषाध्यक्ष विजय सेठिया और कार्यकारिणी सदस्य अजीत भंसाली, प्रकाश रेड़ उपस्थित रहे। तेयुप उत्तर हावड़ा के 10 सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। सेवा कार्य के संयोजक अजीत भंसाली, मनीष डागा, मनीष चौरड़िया, विवेक छाजेड़, संदीप सेठिया, देव टांटिया और हर्ष दुगड़ रहे।

## विजय दिवस के उपलक्ष्य में आज कोलकाता में होगा भव्य मिलिट्री टैटू का आयोजन

**✒ शानदार सैन्य प्रदर्शन, युद्ध कौशल व हेलीकॉप्टरों के फ्लाई पास्ट को देखने का शानदार मौका**

**कोलकाता, समाज्ञा :** हर साल की तहर सेना का पूर्वी कमान मुख्यालय इस बार 54वां विजय दिवस भी काफी उत्साह के साथ मना रहा है। विजय दिवस के उपलक्ष्य में पूर्वी कमान द्वारा 15-16 दिसंबर को दो दिवसीय समारोह के तहत कोलकाता में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। समारोह के पहले दिन सोमवार को कोलकाता के आ-रसीटीसी मैदान (नया नाम- मंगल पांडे ट्रेनिंग एरिया) में भव्य मिलिट्री टैटू का आयोजन किया गया है, जिसमें सैनिक हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे। दोपहर करीब तीन बजे से शुरू होने वाला यह कार्यक्रम आम जनता के लिए भी खुला है, जिसको देखने के लिए कोलकाता व आसपास के जिलों से हर साल बड़ी संख्या में दर्शक आते हैं। यह कार्यक्रम भारतीय सशस्त्र बलों के प्रोफेशनलिज्म और युद्ध कौशल को करीब से देखने का एक दुर्लभ और यादगार मौका है। पूर्वी कमान द्वारा रविवार को एक बयान में बताया गया कि इस मिलिट्री टैटू में शानदार सैन्य प्रदर्शन होंगे, जिसकी शुरुआत आर्मी काम्बैट हेलीकॉप्टरों द्वारा प्रभावशाली फ्लाई पास्ट से होगी। जिसके बाद घुड़सवारी के मनमोहक प्रदर्शन होंगे जो सेना के घुड़सवारों और उनके घोड़ों के बीच असाधारण बंधन को दिखाएंगे। दर्शक भारतीय सेना के एविएटर्स द्वारा युद्धाभ्यास का रोमांचक प्रदर्शन भी देखेंगे, जो आ-परेशनल सटीकता और युद्ध के मैदान में फुर्ती को उजागर करेगा। कार्यक्रम में समृद्ध सांस्कृतिक और पारंपरिक आयाम जोड़ते हुए, कलारी पयट्टू, भांगड़ा, गतका, झुंड ड्रोन और उन्नत रोबोटिक खच्चरों का प्रदर्शन भी होगा। इस कार्यक्रम को आर्मी बैंड द्वारा जोश भरे मार्शल संगीत प्रदर्शन से और भी बेहतर बनाया जाएगा। इसके अलावा, आधुनिक हथियारों और उपकरणों का एक व्यापक प्रदर्शन भी किया जाएगा, जो अत्याधुनिक सैन्य तकनीकों की जानकारी देगा।

**❑ कल विजय स्मारक पर होगा भव्य पुष्पांजलि समारोह**

मंगलवार को विजय दिवस के मौके पर सुबह में कोलकाता में पूर्वी कमान मुख्यालय, विजय दुर्ग स्थित विजय स्मारक पर भव्य पुष्पांजलि समारोह में 1971 युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। पुष्पांजलि समारोह में बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस भी उपस्थित रहेंगे। समारोह में 1971 युद्ध में भाग लेने वाले सशस्त्र बलों के दिग्गज भी शामिल होंगे। ये कार्यक्रम 1971 के युद्ध में ऐतिहासिक विजय की याद और सशस्त्र बलों की बहादुरी को सम्मान देने के लिए होगा। पूर्वी कमान के आमंत्रण पर विजय दिवस समारोह में शामिल होने रविवार को बांग्लादेश से पहुंचे 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल में आठ मुक्ति योद्धा और बांग्लादेश के दो सेवारत सैन्य अधिकारी और बाकी उनके परिवार के सदस्य शामिल हैं।

## सियालदह मंडल एसी लोकल ट्रेनों के संचालन से पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहा

**✒ सियालदह से कृष्णनगर और कल्याणी के बीच एसी लोकल ट्रेन सेवाओं से पर्यटकों के साथ छात्रों व मरीज़ों को हो रही सुविधा**




**कोलकाता :** पूर्व रेलवे का सियालदह मंडल न सिर्फ़ रोज़ाना आने-जाने वालों के परिवहन के लिए, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा देने और छात्रों और मरीज़ों के लिए ज़्यादा सुविधा देने के लिए भी अपनी सेवा को काफ़ी बेहतर बना रहा है। इसी क्रम में सियालदह मंडल ने कुछ खास रूट पर रोज़ाना एसी लोकल ट्रेन सेवा शुरू की हैं, जो यात्रा का एक आरामदायक, सस्ता और बिना ट्रैफिक वाला विकल्प देती हैं। नदिया जिले के कृष्णानगर शहर के सबसे पास के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पर्यटन गंतव्य तक पहुंच को आसान बनाने के लिए एक बड़े कदम के तौर पर सियालदह मंडल ने सियालदह से कृष्णानगर तक अलग-अलग टाइम फ्रेम के साथ हफ़्ते में सातों दिन चलने वाली एसी लोकल ट्रेनें हाल में शुरू की हैं।

ऐतिहासिक कृष्णानगर शहर का नाम राजा कृष्ण चंद्र राय के नाम पर रखा गया है, जो कला, साहित्य और संस्कृति के एक महान संरक्षक थे, जिससे शहर को एक इंटेलेक्चुअल हब के तौर पर फलने-फूलने में मदद मिली। राजा कृष्णचंद्र के राज में बने महल के बचे हुए हिस्से पर्यटकों के आकर्षण का एक बड़ा केंद्र है और इस इलाके के शाही इतिहास और वास्तुकला का सबूत हैं। यह शहर अपने शानदार बारीकी से बने मिट्टी के माडल, टेराकोटा के काम और अनोखी और पारंपरिक बंगाली मिठाइयों- सरपुरिया और सरभजा के लिए भी मशहूर है, जो ज़्यादातर दूध से बनी एक गाढ़ी, क्रीमी डिश है।

कृष्णानगर मुख्य रेलवे जंक्शन है जो मायापुर जाने वाले आगंतुकों के लिए ज़रूरी एंट्री पॉइंट का काम करता है। मायापुर में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शसनेस (इस्कान) का वैश्विक मुख्यालय और शानदार मंदिर परिसर है, जो दुनिया भर से भक्तों को खींचता है। अधिकारियों के अनुसार, ये एसी लोकल बहुत ही किफायती कीमत पर सफ़र कराती हैं, जो रोड ट्रांसपोर्ट के खर्च से काफी कम और ज़्यादा किफ़ायती हैं, और बेहतर आराम देती हैं। जिससे इन ज़रूरी टूरिस्ट जगहों तक का सफ़र आसान और मज़ेदार हो जाता है।

**❑ सियालदह से कल्याणी के बीच भी एसी लोकल सेवा उपलब्ध**

इसी तरह नदिया जिले में स्थित एक और प्रमुख शहर कल्याणी को दूसरे विश्व युद्ध के दौरान रूजवेल्ट टाउन नाम के एक अमेरिकी मिलिट्री एयरबेस और सप्लाई डिपो की जगह पर बनाया गया था। आज़ादी के बाद बंगाल में राजधानी कोलकाता के बाद कल्याणी एक बड़ी टाउनशिप के रूप में विकसित हुई और अभी यह अपनी पढ़ाई में बेहतरीन, अत्याधुनिक मेडिकल सुविधाओं और राज्य के खूबसूरती से प्लान किए गए शहरों के तौर पर अपनी खास पहचान के लिए जानी जाती है। कल्याणी में कई मशहूर यूनिवर्सिटी हैं, यह एक बड़ा एजुकेशनल और रिसर्च हब है, जिससे स्टूडेंट्स के लिए आसान और भरोसेमंद ट्रांसपोर्टेशन की ज़रूरत होती है। कल्याणी में पिछले साल एम्स भी चालू हो चुका है। एक बढ़ते एजुकेशनल और मेडिकल सेंटर के तौर पर कल्याणी की अहम भूमिका को पहचानते हुए, सियालदह मंडल ने छात्रों और मरीज़ों की सुविधा के लिए सियालदह से कल्याणी तक एसी लोकल सेवा भी शुरू की है।

**❑ सियालदह मंडल हर तरह से लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है : डीआरएम**

सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा कि उनका मंडल हर तरह से लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे वह आर्थिक गतिविधियों को आसान बनाना, शिक्षा में मदद करना, ज़रूरी मेडिकल सुविधा देना, या पर्यटन को बढ़ावा देना हो।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विचार गोष्ठी का आयोजन




**कोलकाता :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबद्ध पूर्वांचल कल्याण आश्रम, कोलकाता-हावड़ा महानगर के तत्वावधान में रविवार को कलाकुंज में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय संघ की 100 वर्षों की यात्रा एवं पञ्च-परिवर्तन रहा। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। संघ के उत्तर-पूर्व भाग के प्रचार प्रमुख मानस चक्रवर्ती ने वंदे मातरम् प्रस्तुत किया। पूर्व क्षेत्र संपर्क प्रमुख विद्युत मुखर्जी ने पावर प्वाइंट के माध्यम से संघ की प्रेरणादायी यात्रा, सेवा कार्य और राष्ट्रनिर्माण में भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता गुणवंत सिंह कोठारी (राष्ट्रीय संयोजक, एचएसएसएफ) ने पञ्च-परिवर्तन-पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वबोध, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य-पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षता उद्योगपति एवं समाजसेवी भोमराज सरावगी ने की। संचालन शशि मोदी ने किया।

## सिद्धिदात्री देवी को साक्षी मानकर गुरु के शिष्य की सगाई संपन्न

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के सिद्धपीठ राज राजेश्वरी सेवा मठ में धार्मिक परंपराओं के बीच एक पावन सगाई समारोह संपन्न हुआ। मां भगवती को साक्षी मानकर गुरुजी के अनन्य शिष्य इंद्र दान चारण ने अपनी पोती दिव्या चारण की सगाई की रस्म पूरी की। यह सगाई जयपुर निवासी व्यवसायी यश देवल, पुत्र भगवान दान देवल, के साथ तय हुई। इस शुभ अवसर पर कोन्नगर स्थित भगवती राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर में पूर्व संकल्पित श्री यंत्र अर्चन एवं चौसठ योगिनी पूजन विधिवत रूप से संपन्न किया गया। पूजन के दौरान लहरिया साड़ी, श्रृंगार सामग्री, मालपुआ सहित विभिन्न प्रकार के प्रसाद अर्पित किए गए। इसके पश्चात मां भगवती का भोग भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया।



समारोह में इंद्र दान चारण का पूरा परिवार मौजूद रहा, जिनमें नारायण दान, सर्वेश्वर सिंह एवं करणी सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे। वहीं, जयपुर से आए भगवान दान देवल, बरखा देवल, यश देवल तथा सूरत से आए चन्द्रवीर देथा भी इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय रहा और उपस्थित सभी लोगों ने इस पावन अवसर पर नवयुगल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पत्नी म्यांमार की, पति बांग्लादेश का और ससुराल वाले भारतीय

### दो माह पहले म्यांमार से मिजोरम के रास्ते बंगाल पहुंचा पति-पत्नी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) में कई तरह के खुलासे हो रहे हैं। अभी तो जांच पूरी भी नहीं हुई है लेकिन कई चौंकने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। इसी में एक मामला सामने आया है। महानगर से सटे दक्षिण 24 परगना जिले में एक ऐसे परिवार को पता चला है कि पत्नी म्यांमार की है, पति बांग्लादेश का है, और ससुराल वाले भारत के रहने वाले हैं। एक ही परिवार के तीन सदस्य तीन अलग-अलग देशों के नागरिक हैं। सूत्रों के अनुसार,दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप के गणेशपुर में रहने वाली कृष्णा दास, जो एक महिला जो पांच महीने की गर्भवती हैं। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक हेल्थ कार्ड सिस्टम लागू है। स्थानीय स्वास्थ्य उप-केंद्र में मेडिकल इलाज उपलब्ध है। हालांकि, कृष्णा के पास यह कार्ड नहीं था। इसलिए वह अपने दस्तावेज सत्यापित करवाने के लिए उप-केंद्र गईं। तभी पता चला कि वह महिला म्यांमार की रहने वाली है।

पता चला है कि कृष्णा दो महीने पहले अपने पति के साथ म्यांमार से काकद्वीप आई थी। उसके पास म्यांमार का वोटर आइडी कार्ड भी है। उसका असली नाम आये तंडार है। उसने अपना नाम कृष्णा दास रख लिया है। कृष्णा के पति का नाम राम दास है। वह पहले बांग्लादेश में रहता था, लेकिन कृष्णा के ससुर राजू दास और सास सुमति दास करीब 15 साल पहले सीमा पार करके काकद्वीप आ गए थे। फिलहाल, वे गणेशपुर में एक किराए के घर में रहते हैं। उनके पास भारतीय वोटर और आधार कार्ड हैं। कृष्णा के पति राम दास बांग्लादेश में व्यवसाय करता था। वह बिजनेस के सिलसिले में नियमित रूप से म्यांमार जाता था। इसी सिलसिले में उसकी मुलाकात म्यांमार की रहने वाली आये तंडार हुई और उससे शादी कर ली। उसके बाद पति-पत्नी म्यांमार से सीमा पार करके मिजोरम आ गए। वहां से दो महीने पहले राम दाम अपनी पत्नी के साथ अपने माता-पिता के पास काकद्वीप पहुंचा। हालांकि वे अभी यहां रह रहे हैं, लेकिन उन दोनों के पास न तो भारत का वोटर कार्ड है और न ही आधार कार्ड। राम दास की मां सुमति दास और उसकी पत्नी कृष्णा ने इस बात की पुष्टि की है।

## संपत्ति और वोटर लिस्ट में नाम हटने के डर में वृद्ध ने उठाया आत्मघाती कदम

**कोलकाता :** संपत्ति और वोटर लिस्ट में नाम हटने के डर में एक वृद्ध ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना राणाघाट के धानतला थाना क्षेत्र के माटिकुमड़ा मध्यपाड़ा इलाके में हुई। मृतक की पहचान सुशांत बिश्वास (60) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, मृतक पहले एसआईआर का एन्यूमरेशन फॉर्म भर चुके थे, लेकिन उनका डर और चिंता कम नहीं हुई। पड़ोसियों और परिवार के अनुसार, उन्होंने घर से बाहर निकलना भी बंद कर दिया था। सुशांत बिश्वास की पत्नी ने बताया कि पति लगातार संपत्ति और वोटर लिस्ट में नाम हटने के डर में थे। 2002 के वोटर लिस्ट में उनकी मां का नाम मौजूद था, इसके बावजूद वृद्ध लगातार डर में जी रहे थे। पड़ोसियों ने कई बार उन्हें समझाया कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी, लेकिन उनका डर कम नहीं हुआ और आखिर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी यूपी भाजपा के अध्यक्ष बने, निर्विरोध चुने गए



मेरे लिये संगठन और पार्टी कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं : पंकज चौधरी

## भाजपा में सदस्य से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के चुनाव का समन्वय दुनिया के लिए अकल्पनीय :गोयल

**लखनऊ:** केंद्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि विश्व के सबसे बड़े दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में सदस्य से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव जिस आपसी समन्वय से होता है, वह दुनिया के लिए अकल्पनीय है। गोयल ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी का नाम घोषित करने के बाद लखनऊ में एक सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के हम सदस्य हैं। दुनिया हैरान है कि जितने व्यवस्थित व लोकतांत्रिक तरीके से सदस्य बनाने व राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का काम आपसी समन्वय से होता है वह अकल्पनीय है। गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ उनका बहुत घनिष्ठ संबंध है।

## भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बोले योगी-सरकार और संगठन मिलकर काम करेंगे

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को बधाई देते हुए रविवार को कहा कि अब सरकार और संगठन मिलकर नई ऊर्जा और तेजी के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने चौधरी को निर्विरोध प्रदेश भाजपा अध्यक्ष घोषित किये जाने के बाद समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक अनुभवी कार्यकर्ता को पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष का दायित्व मिलने के साथ ही प्रदेश में अब नई गति के साथ सरकार और संगठन मिलकर प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप कार्य को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, ''आज प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के साथ संगठन पर्व का यह दायित्व उत्तर प्रदेश के अंदर अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर हो चुका है लेकिन नए दायित्व के कार्य हम सबके सामने नई चुनौती के साथ खड़े हैं। आदित्यनाथ ने निर्वाचन की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण और राज्य चुनाव अधिकारी डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय को धन्यवाद दिया।

**लखनऊ:** केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। रविवार को इसकी औपचारिक घोषणा की गयी। चौधरी के निर्वाचन का औपचारिक ऐलान केंद्रीय चुनाव अधिकारी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किया। चौधरी के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये नामांकन दाखिल नहीं किया था। इस तरह शनिवार को ही उनके निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य समेत भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विश्वस्त नेता माने जाने वाले केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश की महराजगंज सीट से सातवीं बार सांसद चुने गये थे। वह अन्य पिछड़े वर्ग में शामिल कुर्मी समुदाय से आते हैं। कुर्मी समुदाय का उत्तर प्रदेश की राजनीति में खासा प्रभाव माना जाता है। साल 2024 के लोकसभा और 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बिरादरी ने राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी की ओर अपना झुकाव दिखाया था। माना जा रहा है कि कुर्मी मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिये भाजपा ने चौधरी पर भरोसा जताया है। भाजपा उत्तर प्रदेश में पहले भी कुर्मी समुदाय के नेताओं को तीन बार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर चुकी है। इनमें पूर्व सांसद विनय कटियार, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश सिंह और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शामिल हैं। भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पर अगले साल होने वाले पंचायत चुनावों और वर्ष 2027 के प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने की अहम जिम्मेदारी होगी।

## मुस्लिम परिवार ने 'बहूभोज' के आमंत्रण पत्र में अपने पूर्व हिंदू उपनाम लिखकर सुर्खियां बटोरी

**जौनपुर :** जौनपुर जिले में एक मुस्लिम परिवार ने शादी के बाद 'बहू भोज' (दावते वलीमा) के आमंत्रण पत्र में अपने पूर्व के हिंदू परिवार से जुड़ा उपनाम लिखकर, जहां पारिवारिक जड़ों, साझा परंपराओं और सामाजिक सद्भाव की मिसाल पेश की, वहीं यह प्रयास सुर्खियों में आ गया। जौनपुर जिले की केराकत तहसील के डेहरी गांव के मोहम्मद खालिद दुबे की शादी के बाद रविवार को उनके गांव में दावते वलीमा का आयोजन किया गया, जिसे हिंदू परंपरा में 'बहू भोज' के रूप में जाना जाता है। यह समारोह खालिद के पिता के बड़े भाई नौशाद अहमद दुबे द्वारा आयोजित किया गया। रविवार को आयोजित इस बहू भोज के आमंत्रण पत्र में बाकायदा दावते वलीमा के साथ बहू भोज छपा है। इस कार्ड के लिफाफे पर श्री लाल बहादुर दुबे 1669 ई. के जमींदार की 8वीं पीढ़ी के वंशज खालिद दुबे की शादी एवं बहूभोज (दावत-ए-वलीमा) के शुभ अवसर पर आप सभी सादर आमंत्रित है लिखा गया। नौशाद अहमद दुबे विशाल भारत संस्थान के जिला चेयरमैन हैं। दुबे उपनाम के प्रयोग के पीछे का कारण बताते हुए नौशाद अहमद दुबे ने कहा, हमारे पूर्वज लाल बहादुर दुबे थे और हम सब आजमगढ़ जिले से विस्थापित होकर यहां आए। उन्होंने कहा, हमने अपने पूर्वजों की जड़ों की तलाश की तो पाया कि हम सब आजमगढ़ में दुबे जाति से थे। इस तरह से हमारी जाति वही हुई। हमारे पूर्वजों ने धर्म बदला, जाति नहीं, क्योंकि जाति तो बदली नहीं जा सकती। उन्होंने कहा, जो चीज बदली नहीं जा सकती, उसे हम लोग जबरन क्यों बदलेंगे? उस समय क्या परिस्थितियां रहीं कि ये उपनाम अपनाया, लेकिन हमें इसमें अपनापन लगता है।इस समारोह में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों के अतिथि शामिल हुए, जिससे यह एक विशिष्ट अवसर बन गया। इस चर्चित बहूभोज (दावत-ए-वलीमा) में पाताल पुरी पीठ के जगतगुरु बाबा बालकदास देवाचार्य महाराज, महंत जगदीश्वर दास, भारत सरकार की उर्दू काउंसिल सदस्य नाजनीन अंसारी, विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव गुरु समेत अनेकों विशिष्ट जन मौजूद रहे।

## एसआईआर के बाद यूपी में चार करोड़ मतदाता घटे, कार्यकर्ता पात्र लोगों को वोटर बनवाएं: योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में राज्य में मतदाताओं की संख्या में करीब चार करोड़ की कमी होने का दावा करते हुए रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे हर बूथ पर पूरी जिम्मेदारी से पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाने के लिये जुट जाएं। मुख्यमंत्री ने यहां एक समारोह में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के हर शख्स का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए और इस तरह उत्तर प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 16 करोड़ होनी चाहिए। आदित्यनाथ ने कहा कि मगर एसआईआर के बाद मतदाता सूची में जो नाम आए हैं, वे 12 करोड़ हैं। उन्होंने कहा, 'यह चार करोड़ का अंतर है। जनवरी 2025 की मतदाता सूची में कुल 15 करोड़ 44 लाख नाम थे। एक जनवरी 2026 को जो भी युवा



18 वर्ष का होगा वह मतदाता बनने का हकदार होगा तो यह संख्या बढ़नी चाहिए लेकिन यह संख्या बढ़ी नहीं, बल्कि घटी है। अब यह 12 करोड़ रह गई है।' आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं से कहा, 'यह जो चार करोड़ का अंतर है। वह आपका विरोधी नहीं है इसमें से 85 से 90 प्रतिशत आपका मतदाता है। संयोग से भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर फार्म जमा करने के लिये 14 दिन का समय बढ़ाया है। इस समय का बेहतर उपयोग हो। कार्यकर्ता हर बूथ में घर-घर जाकर पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं।' उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय से लेकर स्थानीय स्तर के पदाधिकारियों से कहा कि वे अगले महीने प्रकाशित होने वाली मसविदा सूची का अवलोकन जरूर करें। आदित्यनाथ ने इसे 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की लड़ाई बताते हुए कहा, आपके सामने विरोधी के पास इतनी ताकत नहीं है लेकिन याद रखना विरोधी चाहे कैसे भी हों, उसके छल और छद्म का जवाब देने के लिए आपके पास उतना ही सामर्थ्य होना चाहिए। उतना ही शौर्य और तेज भी होना चाहिए।

## गोरखपुर में बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर में एक व्यक्ति ने अपने बेटे के पहले जन्मदिन के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करने और कर्ज चुकाने के लिए पुलिस को लूट की कथित रूप से झूठी कहानी सुनाई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने दावा किया कि मुर्गी का चारा पहुंचाने के बाद लौटते समय, दो अज्ञात लोगों ने उसे लूट लिया और उसके पास मौजूद 50,000 रुपये छीन लिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) अभिनव त्यागी ने बताया कि पुलिस ने उसके दावे का खंडन करते हुए शनिवार शाम को उसे गिरफ्तार कर लिया और पैसे बरामद कर लिए। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को जैनपुर गांव निवासी मनोज निषाद महाराजगंज में एक फार्म मालिक को मुर्गी का चारा पहुंचाने के बाद लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि उसके पास व्यापारी द्वारा दिए गए 50,000 रुपये थे। पुलिस के मुताबिक, अपनी बाइक से लौटते समय, मनोज ने जंगल हरपुर के दलदलहवा इलाके के पास उप्र पुलिस के डायल-112 पर कॉल किया और दावा किया कि एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात लोगों ने उससे 50 हजार रुपये लूट लिए। अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों में निषाद को उस इलाके से गुजरते हुए तो देखा गया, लेकिन आरोपियों का कोई निशान नहीं मिला जिसके बाद पुलिस ने निषाद को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसने अपने बेटे के पहले जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ने की बात कबूल की।

## हम सभी जनसेवा के संकल्प के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे : भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने रविवार को कहा कि पार्टी का सदस्य होने का मतलब राष्ट्र को सबसे पहले रखना है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के सभी सदस्य जन-सेवा के संकल्प के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने यहां भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर पंकज चौधरी के नाम की घोषणा के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, संगठनात्मक राजनीति में, ऐसी स्थिति लगातार आती हैं, जहां हम खुद को अपनी भूमिकाएं बदलते हुए देखते हैं। इन बदलावों का समय परिस्थितियों पर निर्भर करता है। भाजपा जैसी अनुशासित राजनीतिक



पार्टी के कार्यकर्ता के तौर पर, इस तरह की भावना हम सभी में रची-बसी है। उन्होंने कहा, जैसे ही हमें जानकारी मिलती है, हमारी आराम करने की क्षमता खत्म हो जाती है और अगली भूमिका के लिए पहले से योजना बनाकर, हम सभी कार्यकर्ता समर्पण और तैयारी की भावना के साथ आगे बढ़ते हैं। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में, सभी ने मिलकर कई चुनाव लड़े हैं और कई अभियानों में हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा, महिला शक्ति वंदन योजना से लेकर कई अन्य संगठनात्मक कार्यों तक, हम सभी ने उत्साह के साथ काम किया है। पिछले कुछ सालों में, चाहे वह सदस्यता अभियान हो या अन्य अभियान, हमने उन्हें पूरी लगन के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया है। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन - 'सबका साथ, सबका विकास' को अपनाया है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस अभियान के तहत इतिहास रचा है। पहली बार, भाजपा ने 2.5 करोड़ से ज़्यादा सदस्य बनाए हैं।

## राजस्थान: विधायक निधि में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेगी उच्च स्तरीय समिति

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कुछ विधायकों द्वारा 'विधायक निधि' जारी करने के बदले कमीशन लेने के आरोपों की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए मुख्य सतर्कता आयुक्त की अध्यक्षता में चार सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित दी गई है। वहीं, इस जांच का नतीजा आने तक तीन विधायकों के विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमएलए एलएडी) खातों से लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। यह कार्रवाई एक अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट के बाद की गई जिसमें खींवसर से भाजपा विधायक रेवंतराम डांगा, हिंडौन से कांग्रेस विधायक अनीता जाटव और बयाना से निर्दलीय विधायक रितु बनावत पर विधायक निधि से रकम मंजूर करने के बदले



'कमीशन' लेने का आरोप लगाया गया था। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने अपने-अपने विधायकों को नोटिस जारी किए हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने विधायक निधि में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित खबरों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि किसी भी लोक सेवक द्वारा भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और दोषी पाए जाने पर ऐसे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह व्यक्ति कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति पूर्णतः 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर कार्य कर रही है और जनधन के दुरुपयोग को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मुख्य सतर्कता आयुक्त (अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह) भास्कर सावंत की अध्यक्षता में चार सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित कर इस मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। समिति में शासन सचिव (पंचायती राज) जोगाराम, शासन सचिव वित्त (बजट) राजन विशाल को सदस्य एवं विशिष्ट शासन सचिव (गृह विभाग) मनीष गोयल को सदस्य सचिव बनाया गया है। यह समिति 15 दिन में जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंपेगी।

### झारखंड: सारंडा के जंगल में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल

**चाईबासा:** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा बटालियन के दो जवान झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सारंडा के जंगल में रविवार को तलाश अभियान के दौरान तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों (आईईडी) में हुए अलग-अलग विस्फोटों में गंभीर रूप से घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने संदेह जताया कि इन आईईडी को नक्सलियों ने लगाया था। पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रेणु ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आईईडी विस्फोट की चपेट में आए कोबरा बटालियन के दोनों जवान सारंडा के जंगल में नक्सलियों के खिलाफ तलाश अभियान चला रही टीम का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, सीआरपीएफ बैरक में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों जवानों को बेहतर इलाज के लिए हवाई मार्ग से रांची के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड के नौ जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरा

**रांची:** झारखंड के नौ जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है और राज्य के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थितियां बनी हुई हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। रांची मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, इन नौ जिलों में गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, रांची, सरायकेला, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम जिले शामिल हैं। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा, झारखंड के निचले क्षोभमंडलीय स्तरों में अब भी चल रही उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के बुलेटिन के अनुसार राज्य में सबसे कम तापमान रांची में दर्ज किया गया जो 6.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके बाद गुमला में 7.1 डिग्री और खूंटी में 7.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, डालटनगंज में न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि जमशेदपुर में यह 12 डिग्री सेल्सियस और चाईबासा में 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### उदयपुर जिले में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत: पुलिस

**जयपुर:** उदयपुर में रविवार शाम सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह हादसा पिंडवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तब हुआ जब कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं। गिर्वा के पुलिस उपाधीक्षक गोपाल चंदेल ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हो चुकी है और घटना स्थल पर गाड़ियों में फंसे लोगों को बहुत मुश्किल से निकाला गया। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के लिए ब्लॉक लेकर जा रहा ट्रेलर अचानक पलट गया जिसके बाद तेज गति से चल रहा टैंकर व तीन यात्री वाहन आपस में टकरा गए। चंदेल के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि यात्री वाहन पिचक गए और उनमें फंसे लोगों को निकालने के लिए कटर का सहारा लेना पड़ा। उन्होंने बताया कि हादसे में घायलों का इलाज चल रहा है। अधिकारी के मुताबिक, मृतकों की अभी पहचान नहीं हुई है। चंदेल ने बताया कि हादसे के बाद राजमार्ग पर कई घंटे तक जाम लगा रहा जिसे पुलिस ने बड़ी मशक्कत से जाम खुलवाया।

### झारखंड के लोहरदगा में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**लोहरदगा:** झारखंड के लोहरदगा जिले में रविवार को एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन से टक्कर लगने से दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना कुडू थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाले ब्लॉक मोर के पास हुई। मृतकों की पहचान कुडू मस्जिद चौक के स्थानीय जनरल स्टोर मालिक सत्येंद्र साहू (39) और बिहार के गया जिले के केवला निवासी चालक राजेश यादव (45) के रूप में हुई है। कुडू थाने के प्रभारी अधिकारी अजीत कुमार ने बताया, इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि दोनों कथित तौर पर सड़क किनारे खड़े थे, तभी एक चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल चालक बिट्टू सिंह (25) हाता टोली का निवासी है और उसका इलाज चल रहा है।

### रांची में व्यापारियों से 1.12 करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में दंपति गिरफ्तार

**रांची:** रांची में दो व्यापारियों को बैंकों की तुलना में रियायती दरों पर ऋण दिलाने का झांसा देकर 1.12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपी दंपति की पहचान कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू निवासी शिवाजी पाटिल उर्फ अमित महतो (42) और उसकी पत्नी एंजेला कुजूर (42) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रवीण पुष्कर ने बताया, गिरफ्तार दंपति रियायती दरों पर ऋण दिलाने का झांसा देकर व्यापारियों और अन्य लोगों से ठगी करते थे। ऐसे ही एक मामले में उन्होंने झारखंड के रामगढ़ जिले के व्यापारी सरोजकांत झा से 70 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। उन्होंने बताया कि दंपति ने ओडिशा के एक अन्य व्यापारी से भी 42 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## न्यूज अपडेट

### अर्थव्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार के दावे पूरी तरह से मनगढ़ंत : अखिलेश



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा अर्थव्यवस्था को लेकर किए गए दावे को रविवार को मनगढ़ंत करार दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स पर एक पोस्ट में कहा अब तक के इतिहास में डॉलर के मुक़ाबले रुपये का सबसे ज़्यादा कमज़ोर होना ये दिखाता है कि अर्थव्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे सारे आंकड़े और दावे पूरी तरह से झूठे और मनगढ़ंत हैं। पोस्ट में यादव ने कहा भाजपाई इस बात को नकार भी नहीं सकते हैं कि ये बेहद कमज़ोर और नाकाम सरकार की वजह से हो रहा है क्योंकि रुपया गिरने और सरकार के बीच के अनूठे आर्थिक सिद्धांत का अनोखा फ़ार्मूला भाजपा की ही देन है। इसी पोस्ट में उन्होंने भाजपा के सरकार से हटने की उम्मीद जताते हुए कहा भाजपा जाए, तो रुपया मजबूत हो जाए!

### राजस्थान: एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में चार और लोग गिरफ्तार

**जयपुर:** राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने 2021 में हुई उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण में चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन प्रशिक्षु उपनिरीक्षक और एक 'डमी अभ्यर्थी ' शामिल है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि मामले की जांच के तहत तीन प्रशिक्षु उपनिरीक्षक (एसआई) और एक प्रशिक्षु की जगह परीक्षा देने वाले 'डमी अभ्यर्थी' ग्राम विकास अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच टीम ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के रिकॉर्ड का विस्तृत विश्लेषण किया जिसके बाद 10 प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों के रिकॉर्ड संदिग्ध पाए गए। अधिकारी ने बताया कि इनमें से तीन के लिखित परीक्षा दस्तावेजों पर हस्तलेख और हस्ताक्षरों का मिलान एफएसएल से कराया गया और रिपोर्ट में स्पष्ट असमानता सामने आई जिसने यह प्रमाणित कर दिया कि तीनों ने अपनी जगह किसी ओर से परीक्षा दिलाई थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान प्रशिक्षु उपनिरीक्षक कुणाल चौधरी, चूनाराम जाट और अशोक कुमार खिलेरी के तौर पर हुई है और इन तीनों को शनिवार को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा पर लिया गया है। इसके साथ ही प्रशिक्षु कुणाल चौधरी के स्थान पर लिखित परीक्षा देने वाले 'डमी अभ्यर्थी' अशोक कुमार खीचड़ को भी रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वह इस समय ग्राम विकास अधिकारी (बज्जू) पद पर कार्यरत है।

### बिहार: शेर शाह सूरी के मकबरे के संरक्षण और आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए उपनियम बनाए गए

**पटना:** बिहार के सासाराम में अफगान राजा शेर शाह सूरी के 480 साल पुराने मकबरे के लिए उपनियम बना दिए गए हैं। यह अतीत में उत्तर भारत के कुछ हिस्सों पर शासन कर चुके शेर शाह सूरी के इस मकबरे की सुरक्षा और साथ ही इसके आसपास के इलाके के विकास में आने वाली दिक्कतों को दूर करने में अधिकारियों की मदद करने के लिए किया गया है। अफगान शासक सूरी को उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता के लिए भी जाना जाता था। उसके मकबरे से जुड़े विभिन्न हितधारकों से आपत्तियां और सुझाव प्राप्त करने के बाद राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) ने ये उपनियम अधिनियमित किए हैं। वर्ष 1540 से 1545 ईस्वी के बीच निर्मित यह मकबरा राज्य के दक्षिण-पश्चिमी जिले के ऐतिहासिक नगर सासाराम में एक कृत्रिम झील के मध्य में स्थित है। मीर मुहम्मद अलीवाल खान द्वारा डिजाइन किया गया यह मकबरा लोकप्रिय रूप से 'भारत का दूसरा ताजमहल' कहलाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, उपनियम बनने से संरक्षित स्मारक के आसपास के परिवेश के प्रबंधन और ऐसे स्मारक के निकट रहने वाली आबादी की आवश्यकताओं के बीच अंतर को पाटने में मदद मिलेगी। उम्मीद है कि स्थल-विशेष उपनियम लागू होने से आम जनता के साथ-साथ प्रशासनिक और स्थानीय हितधारकों के लिए निर्माण, मरम्मत और विकास से जुड़ी अन्य आवश्यकताओं को पूरा करना अधिक आसान हो जाएगा।

## पीलीभीत में बाघों को भगाने के लिए 'संगीत' का इस्तेमाल कर रहे किसान

**पीलीभीत (उप्र):** पीलीभीत बाघ अभयारण्य (पीटीआर) की माला रेंज से सटे गांवों में रहने वाले किसानों ने गन्ने की कटाई के दौरान सौर ऊर्जा से चलने वाले 'साउंड सिस्टम' पर तेज आवाज में गाने बजाकर बाघों को अपने खेतों से दूर रखने का एक अनोखा तरीका निकाला है। किसानों ने बताया कि शोर से वन्यजीवों को खेतों से दूर रखा जा सकता है। चूंकि गन्ने के खेत घने होते हैं और दृश्यता कम होती है, इसलिए कटाई के दौरान बाघों से अचानक सामना होने का खतरा ज्यादा रहता है। वन एवं वन्य जीव प्रभाग के उप रेंजर शेर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि वन विभाग भी किसानों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। वन अधिकारी के अनुसार, किसानों के इस 'देसी जुगाड़' से जहां उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो रही, वहीं गन्ने के खेतों में काम के दौरान संगीत से श्रमिकों का मनोरंजन भी हो रहा है। सिंह ने बताया कि यह इंसानों और वन्यजीवों के बीच सुरक्षित दूरी बनाने का नया और अनोखा तरीका बन गया है। माला रेंज के रामनगरिया, अजीतपुर, जमुनिया, महुआ, माला घेरा, रिछोला और बसंतापुर जैसे गांवों में बाघों की आवाजाही से ग्रामीण अक्सर दहशत में रहते हैं। हाल में महुआ गांव में किसान भगवान दास के खेत में बाघ के पदचिह्न मिलने से किसानों की चिंता और बढ़ गई। सिंह ने बताया कि जमुनिया गांव के किसान कृष्ण कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस खतरे से निपटने के लिए मनोरंजन के साथ 'म्यूजिकल' तरीका विकसित किया है। कृष्ण कुमार के अनुसार, गन्ने के घने खेतों में काम करना जोखिम भरा होता है और यह माना जाता है कि शोर से वन्य जीव दूर भागते है, इसलिए तेज आवाज में गाने बजाने से वन्यजीव खेतों के पास आने से बच सकते हैं।

## पंजाब में मादक पदार्थ तस्करी माड्यूल का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने रविवार को विदेशी तस्करों से जुड़े एक मादक पदार्थ मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से मादक पदार्थ और हथियार जब्त किये हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर पुलिस के 'काउंटर-इंटेलिजेंस' प्रकोष्ठ ने आरोपियों के पास से चार किलोग्राम हेरोइन, एक पिस्तौल, पांच कारतूस और 3.90 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दो दुपहिया वाहन भी जब्त किए हैं, जिनका उपयोग वे मादक पदार्थों की खेप पहुंचाने के लिए करते थे। यादव के मुताबिक गिरफ्तार किये गए आरोपियों की पहचान अमृतसर निवासी युवराज सिंह, वरिंदर सिंह, जगरूप सिंह और जुगराज सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अमृतसर की 'काउंटर-इंटेलिजेंस' पुलिस टीम को विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि विदेश से मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क चला रहा लखविंदर सिंह उर्फ बाबा लक्खा के सहयोगी युवराज और वरिंदर, अजनाला सेक्टर से हेरोइन की खेप लेकर निकले हैं। वे यह खेप अमृतसर में गुरुद्वारा मोर्चा साहिब के पास संदिग्ध जगरूप सिंह को सौंपने वाले थे। सूचना के आधार पर, पुलिस ने जाल बिछाया और तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे मादक पदार्थ की खेप और पिस्तौल भी जब्त कर ली। पूछताछ के दौरान, जगरूप ने कथित तौर पर खुलासा किया कि वह श्री मुक्तसर साहिब की सेंट्रल जेल में बंद दया सिंह उर्फ प्रीत सेखों के निर्देशों पर काम कर रहा था। प्रीत सेखों ने ही उसे गुरुद्वारा मोर्चा साहिब के पास से हेरोइन की खेप लेने का निर्देश दिया था। डीजीपी ने बताया कि युवराज और वरिंदर से मिली जानकारी के आधार पर, पुलिस ने उनके एक और सहयोगी जुगराज सिंह को अमृतसर शहर से गिरफ्तार किया। जुगराज के कब्जे से 3.90 लाख रुपये की 'ड्रग मनी' (मादक पदार्थ की तस्करी से हुई आय) भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में जांच जारी है।

# हम सत्य और अहिंसा के साथ नरेन्द्र मोदी को हराकर दिखाएंगे : राहुल



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित 'वोट चोरी' को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी तथा निर्वाचन आयोग पर कड़ा हमला बोला और कहा कि उनकी पार्टी सत्य के साथ खड़े होकर प्रधानमंत्री मोदी और 'आरएसएस की सरकार' को देश की सत्ता से हटाएगी। राहुल ने यहां रामलीला मैदान में कांग्रेस की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली को संबोधित करते हुए दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मविश्वास खत्म हो गया क्योंकि उन्हें पता चल गया है कि उनकी 'वोट चोरी' पकड़ी गई है। उन्होंने यह आरोप फिर दोहराया कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर काम कर रहा है। राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान का हवाला देते हुए कहा, ''भागवत ने कहा कि विश्व सत्य को नहीं शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है उसे माना जाता है। यह विचारधारा आरएसएस की है। हमारी विचारधारा, हिंदुस्तान की विचारधारा, हिंदू धर्म की विचारधारा और दुनिया के सभी धर्मों की विचारधारा कहती है कि सत्य सबसे जरूरी है। भागवत कहते हैं कि सत्य का कोई मतलब नहीं है, सत्ता जरूरी है।'' उन्होंने कहा, '' सत्य और असत्य के बीच लड़ाई है। हम सत्य के साथ खड़े होकर हिंदुस्तान से नरेंद्र मोदी, अमित शाह तथा आरएसएस सरकार को हिंदुस्तान से हटाएंगे।'' भागवत ने शनिवार को अंडमान में विराट हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि वर्तमान समय में वैश्विक मान्यता को आकार देने में केवल सत्य से कहीं अधिक शक्ति का योगदान है। उन्होंने कहा था, विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है, उसको मानता है...भले मन से नहीं, पर मानता जरूर है। राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग का हवाला देते हुए चेतावनी भरे लहजे में कहा, ''कांग्रेस पार्टी आपसे (निर्वाचन आयुक्त) कह रही है, आप हिंदुस्तान के निर्वाचन आयुक्त हो, नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन आयुक्त नहीं हो। हम कानून पूर्वव्यापी रूप से बदलेंगे और आपके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि संसद में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान अमित शाह का हाथ कांप रहा था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था, ''आप सबने देखा होगा कि सदन में अमित शाह का हाथ कांप रहा था। अमित शाह तभी तक बहादुर हैं, जब तक इनके हाथ में सत्ता है। जिस दिन सत्ता गई, उसी दिन इनकी बहादुरी भी निकल जाएगी।''

### मत पत्र से चुनाव करा लिए जाएं तो भाजपा कभी जीत नहीं सकती: प्रियंका

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को दावा किया कि यदि देश में सही चुनाव और मत पत्र से चुनाव करा लिए जाएं तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कभी चुनाव नहीं जीत सकती। कांग्रेस नेता ने यहां 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली में यह भी कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी का विश्वास घट रहा है तथा सिर्फ निर्वाचन आयोग की बदौलत चुनाव जीता जा रहा है। प्रियंका गांधी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर दावा किया कि उत्तर प्रदेश में तीन करोड़ नामों को मतदाता सूचियों से काटे गए हैं। उनका कहना था कि बिहार विधानसभा चुनाव में हार को लेकर कांग्रेस समर्थकों को मायूस होने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह चुनाव 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काटकर और आचार संहिता के बीच लोगों के खातों में 10-10 हजार रुपये पहुंचाकर चोरी हुआ है।

## पाक का कश्मीर मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने के कारण 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' अपरिहार्य है : दुष्यंत सिंह



**गांधीनगर :** लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) दुष्यंत सिंह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान की सेना चीन और तुर्किये के समर्थन से कश्मीर मुद्दे पर अड़ी हुई है जिसके चलते 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' अपरिहार्य प्रतीत होता है, ऐसे में भारतीय सशस्त्र बलों को तैयार रहना चाहिए। सिंह ने कहा कि मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हुआ ''संघर्षविराम'' नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान द्वारा बार-बार किए गए उल्लंघनों के कारण ''नाजुक'' स्थिति में है। उन्होंने भारत द्वारा अपने रुख को मजबूती से पेश करने की क्षमताओं में सुधार की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला, जिसे उन्होंने सैन्य अभियान के दौरान सामना की गईं कमियों में से एक बताया। नयी दिल्ली स्थित विचारक संस्था 'सेंटर फॉर लैंड वॉरफेयर स्टडीज' (सीएलएडब्ल्यूएस) के महानिदेशक सिंह गुजरात के गांधीनगर के पास भारतीय वायु सेना के दक्षिण पश्चिमी वायु कमान (एसडब्ल्यूएसी) के मुख्यालय में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उनका संबोधन दिवंगत फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों (पीवीसी) की वार्षिक स्मृति व्याख्यान के नौवें संस्करण का हिस्सा था। सिंह ने कहा कि पाकिस्तान की सेना कश्मीर मुद्दे पर अड़ी हुई है और उसे चीन और तुर्किये का समर्थन प्राप्त है, ऐसे में एक और 'ऑपरेशन सिंदूर' की संभावना बहुत अधिक है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### इंदौर मेट्रो के बदलाव पर मुहर, सरकारी खजाने पर बढ़ेगा 900 करोड़ रुपये का बोझ

**इंदौर :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को अहम घोषणा की कि इंदौर के सघन आवासीय और वाणिज्यिक इलाकों से होकर गुजरने वाले 3.30 किलोमीटर लंबे मार्ग पर अब सड़क के ऊपर नहीं, बल्कि जमीन के अंदर मेट्रो रेल लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस बदलाव के कारण मेट्रो रेल परियोजना की लागत में होने वाले करीब 900 करोड़ रुपये के अनुमानित इजाफे का बोझ राज्य सरकार उठाएगी। अधिकारियों ने बताया कि मूल परियोजना के मुताबिक इंदौर में 31.32 किलोमीटर लंबा मेट्रो रेल गलियारा बनाया जाना है और इसकी प्रस्तावित लागत 7,500.80 करोड़ रुपये है। शहर में मेट्रो रेल लाइन का निर्माण वर्ष 2019 से जारी है, लेकिन सघन आवासीय और वाणिज्यिक इलाकों में परियोजना को लगातार बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इन इलाकों के लोग परियोजना का यह कहते हुए विरोध कर रहे हैं कि इससे आम जन-जीवन बाधित होगा और उन्हें कारोबार में परेशानी होगी। मुख्यमंत्री यादव ने जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एक मैराथन बैठक में शहर की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की।

### विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना मैराथन में 17 हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया

**विशाखापत्तनम :** विशाखापत्तनम में रविवार को भारतीय नौसेना मैराथन का 10वां संस्करण संपन्न हुआ, जिसमें 17 देशों के विदेशी नागरिकों सहित 17,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार, 10 लाख रुपये से अधिक की इनामी राशि वाली इस मैराथन में देश-विदेश से आए एथलीट और फिटनेस प्रेमियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन ने भागीदारी के लिहाज से एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पूर्वी नौसैन्य कमान (ईएनसी) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''विशाखापत्तनम नौसेना मैराथन 2025 में 17,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया, जो अभूतपूर्व उत्साह और खेल भावना को दर्शाता है।''

### प्रेस क्लब ऑफ इंडिया की पहली महिला अध्यक्ष चुनी गईं संगीता बरुआ पिशरोटी

**नयी दिल्ली :** वरिष्ठ पत्रकार संगीता बरुआ पिशरोटी रविवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया की पहली महिला अध्यक्ष चुनी गईं। शनिवार को हुए चुनाव में पिशरोटी की टीम ने पदाधिकारियों और प्रबंधन समिति के सभी पदों पर 21-0 से शानदार जीत हासिल की। मतों की गिनती रविवार को हुई। अफजल इमाम को क्लब का महासचिव चुना गया, जबकि जतिन गांधी उपाध्यक्ष के तौर पर विजयी हुए।अदिति राजपूत (कोषाध्यक्ष) और पी आर सुनील (संयुक्त सचिव) निर्विरोध चुने गए। प्रबंधन समिति के सदस्य इस प्रकार हैं-- नीरज कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, जाह्नवी सेन, अशोक कौशिक, कल्लोल भट्टाचार्जी, प्रवीण जैन, अग्रज प्रताप सिंह, मनोज शर्मा, नयनिमा बसु, पी बी सुरेश, वी पी पांडेय, प्रेम बहुखंडी, स्नेहा भूरा, जावेद अख्तर, रेजाउल हसन लस्कर और सुनील कुमार।

## सीबीआई ने साइबर अपराध गिरोह मामले में चीन के चार नागरिकों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम हड़पने में संलिप्त एक अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क में शामिल होने के आरोप में चीन के चार नागरिकों समेत 17 लोगों और 58 कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अक्टूबर में गिरोह का पर्दाफाश करने के बाद जांचकर्ताओं ने पाया कि यह एक सुनियोजित और संगठित सिंडिकेट था, जो जटिल डिजिटल और वित्तीय प्रणाली के जरिये कई तरह की धोखाधड़ियां कर रहा था। धोखाधड़ी के इन तरीकों में भ्रामक ऋण आवेदन, फर्जी निवेश योजनाएं, पोंजी और मल्टी-लेवल मार्केटिंग मॉडल, फर्जी पार्ट-टाइम नौकरी के ऑफर और फर्जी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म शामिल थे। जांच एजेंसी की अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, इस समूह ने 111 मुखौटा कंपनियों के जरिये अवैध धन के लेन-देन को छिपाया और 'म्यूल' खातों के माध्यम से लगभग 1,000 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से एक खाते में कम समय में 152 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा हुई थी। सीबीआई ने कहा कि ये मुखौटा कंपनियां 'डमी' निदेशकों, जाली या भ्रामक दस्तावेजों, फर्जी पतों और व्यावसायिक उद्देश्यों के बारे में झूठे हलफनामों के जरिए बनाई गई थीं।

## दिल्ली में एक्यूआई बढ़कर 461 तक पहुंचा, रोहिणी और वजीरपुर में 500 के करीब

**नयी दिल्ली/ नोएडा :** दिल्ली में रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 461 तक पहुंच गया और यह सर्दी में शहर का सबसे प्रदूषित दिन रहा तथा रिकॉर्ड में दिसंबर का दूसरा सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला दिन रहा। हवा की धीमी गति और कम तापमान के कारण प्रदूषक सतह के करीब ही फंसे रहे। वजीरपुर स्थित वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र ने दिन के दौरान अधिकतम संभव वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 दर्ज किया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) इसके बाद डेटा दर्ज नहीं करता है। सीपीसीबी के समीर ऐप के अनुसार, शाम चार बजे तक दिल्ली के 39 सक्रिय वायु गुणवत्ता निगरानी



केंद्रों में से 38 में प्रदूषण का 'गंभीर' स्तर दर्ज हुआ, जबकि केवल शादीपुर में ही यह 'बहुत खराब' श्रेणी में रहा। रोहिणी में भी दिन के दौरान एक्यूआई का स्तर 500 तक पहुंच गया, जबकि अशोक विहार, जहांगीरपुरी और मुंडका में एक्यूआई का स्तर 499 दर्ज किया गया। राजधानी में घना कोहरा छा गया और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) एक दिन पहले के 432 से बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। ऐसा अप्रैल 2015 में एक्यूआई निगरानी प्रणाली शुरू होने के बाद हुआ है।

## भारतीय रेलवे का विद्युतीकरण: अन्य देशों की तुलना में प्रगति

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेलवे विद्युतीकरण की स्थिति पर नजर डालें तो कई विकसित देशों में अब भी यह प्रक्रिया अधूरी है। जिस यूनाइटेड किंगडम से रेलवे की शुरुआत हुई थी, वहां आज भी केवल लगभग 39 प्रतिशत रेलवे नेटवर्क का ही विद्युतीकरण हो पाया है।अंतरराष्ट्रीय रेलवे संघ (इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय संघ के देशों में औसतन 56 प्रतिशत से अधिक रेलवे नेटवर्क विद्युतीकृत है, जबकि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में यह आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच चुका है। वैश्विक स्तर पर रेलवे विद्युतीकरण का औसत 42 प्रतिशत से कुछ अधिक है।इसके विपरीत, भारत ने दुनिया के सबसे बड़े और सबसे व्यस्त रेलवे नेटवर्कों में से एक का संचालन करते हुए भी लगभग पूरे ब्रॉड-गेज नेटवर्क का विद्युतीकरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह उपलब्धि न केवल ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय रेलवे को आधुनिक, आत्मनिर्भर और टिकाऊ परिवहन प्रणाली के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

## डीआरआई ने लाल चंदन की 15 मीट्रिक टन लकड़ी जब्त की, चार गिरफ्तार



**नयी दिल्ली :** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने 6.26 करोड़ रुपये मूल्य की 15 मीट्रिक टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त की है। वित्त मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, आरोपियों की योजना लाल चंदन का अवैध रूप से निर्यात करने की थी। वित्त मंत्रालय ने बताया कि लाल चंदन की लकड़ियां विभिन्न गोदामों से जब्त की गईं और इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विदेशी व्यापार नीति के तहत लाल चंदन के निर्यात पर प्रतिबंध है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, डीआरआई के अधिकारियों को खुफिया जानकारी मिली थी कि चेन्नई और इसके आसपास के विभिन्न गोदामों में लाल चंदन को गुप्त रूप से रखा गया है और इसे दिल्ली के मार्ग से निर्यात करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने नौ से 11 दिसंबर के बीच तीन परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। मंत्रालय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चार लोगों में मुख्य सरगना, लाल चंदन की पैकिंग और परिवहन में शामिल उसके दो सहयोगी और आपूर्तिकर्ता पक्ष का एक मध्यस्थ शामिल हैं।

## अटल का दृष्टिकोण आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा का मार्गदर्शन करता रहेगा: पुष्कर सिंह धामी

**मदनपल्ली (आंध्र प्रदेश) :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मूल्य, शासन ढांचा और राष्ट्रीय दृष्टिकोण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे। धामी ने आंध्र प्रदेश के मदनपल्ली में 'अटल-मोदी सुशासन यात्रा' के दौरान अन्नामय्या सर्कल पर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, अटल के मूल्य, शासन ढांचा और राष्ट्रीय दृष्टिकोण प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे। धामी ने कहा कि 11 दिसंबर को



शुरू हुई 'अटल-मोदी सुशासन यात्रा' सभी जिलों से गुजरेगी और यह 25 दिसंबर तक जारी रहेगी, जिसमें अटल की कई प्रतिमाओं का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अटल का राजनीतिक जीवन अखंडता, राष्ट्रवाद और लोक कल्याण में निहित था, जिससे उन्हें विपक्षी नेताओं का भी सम्मान हासिल हुआ। साल 1996 में पेश अविश्वास प्रस्ताव के दौरान अटल के भाषण को याद करते हुए धामी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने दृढ़ता से कहा था कि सरकारें आती-जाती हैं, लेकिन राष्ट्र को चलते रहना होगा। उन्होंने कहा कि अटल ने 'आत्मनिर्भर भारत' की नींव रखी और स्वर्णिम चतुर्भुज राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) और दूरसंचार क्षेत्र के विस्तार जैसी पहलों के जरिये देश की तस्वीर बदल दी। स्वर्णिम चतुर्भुज राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना भारत के चार प्रमुख महानगरों-दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को संदर्भित करती है।

## आधुनिकीकरण की रफ्तार तेज, 11 वर्षों में 42,600 से अधिक एलएचबी कोचों का निर्माण

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने यात्री सुविधाओं और सुरक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में बड़े पैमाने पर आधुनिकीकरण करते हुए पिछले 11 वर्षों में 42,600 से अधिक लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोचों का निर्माण किया है। ये कोच अधिक सुरक्षित, आरामदायक और परिचालन की दृष्टि से अधिक कुशल माने जाते हैं।चालू वित्त वर्ष 2025-26 में नवंबर 2025 तक 4,224 से अधिक एलएचबी कोचों का निर्माण किया गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में बने 3,590 कोचों की तुलना में लगभग 18 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि रेलवे उत्पादन इकाइयों में विनिर्माण क्षमता के सुदृढ़ीकरण और बेहतर उत्पादन योजना को दर्शाती है।कारखानेवार आंकड़ों के अनुसार, इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), चेन्नई ने 1,659 कोचों का निर्माण किया। वहीं मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ), रायबरेली ने 1,234 और रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ), कपूरथला ने 1,331 एलएचबी कोचों का उत्पादन किया। इन तीनों इकाइयों ने मिलकर कुल उत्पादन में उल्लेखनीय योगदान दिया है।दीर्घकालिक तुलना में भारतीय रेलवे की प्रगति और भी स्पष्ट होती है। वर्ष 2014 से 2025 के बीच जहां 42,600 से अधिक एलएचबी कोच बनाए गए, वहीं 2004 से 2014 के दौरान केवल 2,300 कोचों का निर्माण हुआ था।

## पूर्वी दिल्ली में मंदिर के अंदर महिला की चाकू घोंपकर हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** पूर्वी दिल्ली के मानसरोवर पार्क इलाके में स्थित एक मंदिर के अंदर रविवार को 48 वर्षीय महिला की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई जिसके बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि बाद में दिन में एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया और अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया। यह घटना अपराह्न करीब 12 बजे डीडीए(दिल्ली विकास प्राधिकरण) फ्लैट परिसर में स्थित मंदिर में हुई, जब महिला पूजा कर रही थी। पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे पीसीआर (पुलिस नियंत्रण कक्ष) फोन पर घटना की सूचना मिली। पीड़िता की पहचान मानसरोवर पार्क निवासी कुसुम शर्मा के रूप में हुई है। उनके सिर और शरीर के ऊपरी हिस्से पर चाकू के कई घाव थे। उसे तुरंत गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम ने एक बयान में कहा, हमने मुख्य आरोपी, आंचल सक्सेना नामक महिला को हिरासत में ले लिया है। अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि फोन करने वाले ने पुलिस को सूचित किया कि दो लोगों ने एक महिला पुजारी के सिर में चाकू से वार किया है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हिरासत में ली गई महिला सहित दो लोगों ने शर्मा पर चाकू से बार-बार हमला किया, जिससे उसे जानलेवा चोटें आईं। डीसीपी ने कहा, प्रथम दृष्टया यह पुरानी दुश्मनी का मामला प्रतीत होता है, लेकिन जांच जारी है। मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए जिला और अपराध इकाइयों की कई टीम गठित की गईं और उनमें से एक को हिरासत में ले लिया गया।

## हिमंत ने दिल्ली में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मुलाकात की

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने नयी दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से रविवार को मुलाकात की और उन्हें हाल के वर्षों में राज्य हुए ''बदलाव'' को देखने के लिए राज्य का दौरा करने का



निमंत्रण दिया। इस साल सितंबर में पदभार संभालने के बाद से शर्मा की राधाकृष्णन से मुलाकात के लिए यह पहली आधिकारिक यात्रा थी। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज नयी दिल्ली में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन जी से मुलाकात का सौभाग्य प्राप्त हुआ।'' उन्होंने कहा, ''मैंने व्यक्तिगत रूप से उन्हें उपराष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी और उन्हें हाल के वर्षों में राज्य में आये बदलाव को देखने के लिए असम आने का निमंत्रण दिया।''

## शिलांग में असम राइफल्स हाफ मैराथन में 3,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया

**शिलांग :** मेघालय की राजधानी शिलांग में रविवार को आयोजित असम राइफल्स हाफ मैराथन के पांचवें संस्करण में तीन हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। लाइतकोर में असम राइफल्स महानिदेशालय में यह वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के धावकों ने भाग लिया। पूर्वी खासी हिल्स जिले के ऊंचे इलाकों में स्थित बल के मुख्यालय की मनमोहक प्राकृतिक पृष्ठभूमि में आयोजित इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी, सरकारी प्रतिनिधि और देश के विभिन्न हिस्सों से आए



स्वयंसेवक शामिल हुए। यह आयोजन तीन श्रेणियों क्लाउड चेज (21 किलोमीटर), पाइन पाथ (10 किलोमीटर) और क्रिस्टल स्ट्रीम (5 किलोमीटर) में कराया गया था। बयान में कहा गया है कि 21 किलोमीटर की दौड़ को असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेड़ा जबकि 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर की दौड़ के लिए धावकों को बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने रवाना किया।

## इसरो अगले साल मार्च तक गगनयान सहित सात अभियान प्रक्षेपित करेगा

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अगले साल मार्च तक सात प्रक्षेपण अभियानों की योजना बनाई है, जिनमें उपग्रह और क्वांटम-की वितरण प्रौद्योगिकियों के लिए स्वदेशी रूप से निर्मित इलेक्ट्रिक प्रणोदन प्रणालियों का प्रदर्शन आंकने वाला मिशन और गगनयान परियोजना से जुड़ा पहला मानवरहित अभियान शामिल है। इन सात प्रक्षेपणों में से पहला प्रक्षेपण अगले हफ्ते होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने हाल ही में संसद को बताया कि भारत का सबसे भारी रॉकेट 'एलवीएम3' इसरो की न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) और अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए एक वाणिज्यिक करार के तहत 'ब्लूबर्ड-



6' संचार उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करेगा। 'ह्यूमन रेटेड' एलवीएम3 साल 2026 की शुरुआत में एक बार फिर उड़ान भरेगा, जिसके जरिये भारत के मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान 'गगनयान' का पहला मानवरहित यान 'व्योममित्र' नाम के एक रोबोट को लेकर अंतरिक्ष की कक्षा में दाखिल होगा। 'ह्यूमन रेटेड' एक प्रमाणन प्रणाली है, जो दर्शाती है कि कोई अंतरिक्ष यान या प्रक्षेपण वाहन मनुष्यों को अंतरिक्ष में सुरक्षित रूप से ले जाने में सक्षम है। 'गगनयान' के तहत 2027 में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने से पहले इसरो ने अगले साल के अंत में एक और मानवरहित मिशन की योजना बनाई है। सिंह ने कहा, ''गगनयान का पहला मानवरहित अभियान, मिशन की शुरुआत से लेकर अंत तक विभिन्न पहलुओं का आकलन करेगा, जिसमें 'ह्यूमन रेटेड' प्रक्षेपण वाहन के वायुगतिकीय पैमाने, कक्षीय मॉड्यूल के विभिन्न हिस्सों का प्रदर्शन और चालक दल मॉड्यूल के पुनः प्रवेश एवं पुनर्प्राप्ति की प्रक्रिया शामिल है।'' अगले साल उद्योग जगत द्वारा पहली बार निर्मित ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) का भी प्रक्षेपण किया जाएगा, जो ओशनसैट उपग्रह को कक्षा में स्थापित करेगा। पीएसएलवी अपने साथ दो अन्य उपग्रह भी ले जाएगा, जिनमें भारत-मॉरीशस संयुक्त उपग्रह और ध्रुव स्पेस का 'लीप-2' उपग्रह शामिल हैं। उपग्रहों के वाणिज्यिक प्रक्षेपण को बढ़ावा देने के लिए, एनएसआईएल ने इस साल सितंबर में हस्ताक्षरित एक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते के तहत, एचएएल-एलएंडटी कंसोर्टियम को पांच पीएसएलवी रॉकेट के निर्माण का ठेका दिया था। इसरो निर्मित पीएसएलवी एक रणनीतिक उपयोगकर्ता के लिए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-एन1) और भारतीय तथा अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के 18 छोटे उपग्रहों को भी अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करेगा।

## राहुल की कमान में कांग्रेस इतिहास में दफन हो जाएगी, जैसे औरंगजेब के नेतृत्व में मुगल हुये: भाजपा

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को कांग्रेस की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली के दौरान जब पार्टी ने भाजपा पर हमले तेज किए, तो सत्तारूढ़ दल ने पलटवार करते हुए नेहरू परिवार की तुलना बाबर के वंश से की। भाजपा ने आरोप लगाया गया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का वही हश्र होगा जो मुगल साम्राज्य का उसके छठे सम्राट औरंगजेब के शासनकाल में हुआ था, यानी पार्टी इतिहास के पन्नों में दफन हो जाएगी। ये आरोप तब लगे जब सोशल मीडिया पर कई वीडियो में कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कथित तौर पर रामलीला मैदान में विपक्षी पार्टी की रैली में जाते समय मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाते हुए सुना गया। नारेबाजी की निंदा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, एक बार फिर कांग्रेस कार्यकर्ता मोदी जी की मौत की कामना कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि कांग्रेस, मुस्लिम लीग-माओवादी एजेंडे के तहत काम करते हुए, अराजकता का मंच बनती जा रही है। त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस ने कई मौकों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यहां तक कि उनकी मां को भी अपशब्द कहे, लेकिन जब पार्टी मोदी के लिए कब्र खोदने की आकांक्षा रखती है तो उसका भविष्य स्पष्ट हो जाता है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य शायद वही होगा जो 'द लास्ट मुगल' नामक पुस्तक में मुगल साम्राज्य के बारे में लिखा गया है। त्रिवेदी ने बताया कि मुगल साम्राज्य में छह शासकों ने शासन किया - बाबर, हुमायूं, अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब। उन्होंने कहा, और छठी पीढ़ी के शासन के बाद मुगल साम्राज्य का अंत हो गया। त्रिवेदी ने कहा कि इसी तरह, कांग्रेस पर भी नेहरू परिवार के छह सदस्यों - मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी - का शासन रहा है; राहुल गांधी छठे सदस्य हैं जो वर्तमान में सत्ता का आनंद ले रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा, इसके बाद कांग्रेस का भी वही हश्र होगा जो मुगलों का हुआ था। वे लगातार ऐसी बातें कह रहे हैं जिनसे ऐसी परिस्थितियां पैदा हो रही हैं जो उन्हें इतिहास के पन्नों में दफन कर देंगी।

# दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर भारत ने बनाई 2-1 की बढ़त



**धर्मशाला:** भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक शर्मा की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। भारत ने 118 रन के लक्ष्य को 25 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम कप्तान एडेन मारक्रम की 46 गेंदों में 61 रन की पारी के बावजूद 117 रन पर सिमट गई। भारत के लिए अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई। अर्शदीप और चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए जबकि राणा और कुलदीप यादव ने भी दो-दो सफलताएं हासिल कीं। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे को एक-एक विकेट मिला। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला भारत के लिए सही साबित हुआ। अर्शदीप ने पहले ही ओवर में रीजा हेंड्रिक्स को आउट किया, जबकि राणा ने क्विंटन डिकॉक और डेवाल्ड ब्रेविस को पवेलियन भेजकर दक्षिण अफ्रीका को शुरुआती झटके दिए। मारक्रम ने एक छोर संभाले रखा और आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जमाया, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों से खास सहयोग नहीं मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत आक्रामक रही। अभिषेक शर्मा ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ अपने इरादे साफ कर दिए। उन्होंने 18 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेली और शुभमन गिल (28) के साथ पहले विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। हालांकि अभिषेक के आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाजों को कुछ देर संघर्ष करना पड़ा। गिल और तिलक वर्मा (नाबाद 26) ने समझदारी से पारी को आगे बढ़ाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। अंत में शिवम दुबे ने छक्का और चौका लगाकर भारत को आसान जीत दिला दी। इस जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में बढ़त बना ली और टीम का आत्मविश्वास भी मजबूत हुआ।

### हार्दिक पंड्या ने रचा इतिहास

भारत -साउथ अफ्रीका के बीच तीसरा टी20 मैच धर्मशाला में खेला गया। इस मुकाबले में स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है।हार्दिक अब पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1000 से ज्यादा रन बनाने और 100 से ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं।यह रिकॉर्ड उन्हें न सिर्फ भारत बल्कि विश्व क्रिकेट में एक खास मुकाम दिलाता है।अब तक यह कारनामा सिर्फ स्पिन ऑलराउंडरों ने ही हासिल किया था।बांग्लादेश के शाकिब अल हसन, अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा पहले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1000+ रन और 100+ विकेट का डबल पूरा कर चुके हैं।हार्दिक पंड्या इन तीनों के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे खिलाड़ी हैं, लेकिन तेज गेंदबाजों में वह इस सूची में अकेले हैं।

## मेस्सी के कार्यक्रम में हुई अराजकता से 50 साल तक पश्चिम बंगाल पर असर पड़ेगा: चौबे




**कोलकाता:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष और भाजपा नेता कल्याण चौबे ने रविवार को दावा किया कि यहां सॉल्ट लेक स्टेडियम में फुटबॉल सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान हुई अराजकता का व्यापक असर होगा और इससे 50 से ज्यादा वर्षों तक कोलकाता की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचेगा। मेस्सी के चार शहरों के 'जीओएटी भारत दौरे 2025' का कोलकाता में पहला चरण शनिवार सुबह खराब भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा में चूक के कारण अराजकता में बदल गया, जिसमें अर्जेंटीना के सुपरस्टार को सेल्फी लेने वाले राजनेताओं और वीआईपी ने घेरकर उन्हें धक्का दिया। नतीजतन मेस्सी अपने इंटर मियामी टीम के साथियों लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ 20 मिनट में कार्यक्रम खत्म करके अपने होटल लौट गए और शाम को दौरे के दूसरे पड़ाव के लिए हैदराबाद रवाना हो गए। कार्यक्रम का समय कम होने से भीड़ के कुछ हिस्सों में अशांति फैल गई जिसमें गुस्साए दर्शकों ने स्टेडियम में तोड़फोड़ की जिससे टूटी हुई कुर्सियां, क्षतिग्रस्त कैनोपी और पिच पर चारों ओर पानी की बोतलें बिखरी पड़ी थीं। दर्शकों ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हजारों रुपये खर्च किए थे। इस घटना को भारतीय फुटबॉल के मक्का माने जाने वाले शहर के लिए 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए चौबे ने कहा, "जब ऐसी कोई घटना होती है तो इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा जाता है।" उन्होंने भाजपा की मीडिया बातचीत के दौरान कहा, "मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो दुनिया के सबसे महान फुटबॉलरों में से हैं और दुनिया भर में लाखों लोग उनका अनुकरण करते हैं।" चौबे ने कहा, "फुटबॉल 211 देशों में खेला जाता है। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जहां फुटबॉल नहीं खेला जाता हो। यहां तक कि सबसे छोटे द्वीपों पर भी फुटबॉल खेला जाता है। जब ये दोनों कहीं भी जाते हैं तो दुनिया भर का मीडिया उनका पीछा करता है और उनके हर कदम पर नजर रखता है।" चौबे ने कहा कि इसका तत्काल असर उन खेल प्रेमियों पर पड़ा जिन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी रकम खर्च की थी लेकिन चेताया कि इसके दीर्घकालिक परिणाम कहीं ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं क्योंकि यह घटना ऐसे समय में हुई जब भारत खुद को एक वैश्विक खेल स्थल के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है।

## जायसवाल के शतक से मुंबई ने हरियाणा को हराया, राजस्थान पर हैदराबाद की आसान जीत

**अम्बी (पुणे):** टी20 टीम में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा अनदेखी के बाद यशस्वी जायसवाल ने रविवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग बी मैच में 48 गेंद में शतक जड़कर गत चैंपियन मुंबई की हरियाणा पर चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। सुपर लीग के अपने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा हार के बाद जायसवाल (50 गेंद में 101 रन) और सरफराज खान (24 गेंद में 64 रन) की पारियों से मुंबई ने हरियाणा के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायसवाल और सरफराज ने सिर्फ 6.1 ओवर में 88 रन जोड़कर मुंबई की फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान जायसवाल ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 50 हजार रुपये का चैक लेने के लिए अपने साथ सरफराज को भी बुलाया। इससे पहले हरियाणा के कप्तान अंकित कुमार (42 गेंद में 89 रन) और प्रतिभावान ऑलराउंडर निशांत सिंधू (38 गेंद में 63 रन) ने सिर्फ 8.1 ओवर में 110 रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में तीन विकेट पर 234 रन तक पहुंचाया। मुंबई के लिए अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने 10 गेंद में 21 रन बनाए। हरियाणा के तेज गेंदबाजों ने 125 से 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की जिससे मुंबई के बल्लेबाजों के लिए सपाट पिच पर रन बनाना आसान हो गया। जायसवाल ने पुल और रैंप शॉट खेले। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके मारे। सरफराज ने भी सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक के साथ आईपीएल नीलामी के लिए अपना दावा मजबूत किया। राष्ट्रीय टीम में शामिल शुभमन गिल की शीर्ष क्रम में फॉर्म काफी प्रभावशाली नहीं है और ऐसे में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की नजरें जायसवाल पर रहेंगी।

## लियोनेल मेस्सी को देखने आए थे लोग, अचानक सुनील छेत्री के नाम से गूंजने लगा स्टेडियम

**नई दिल्ली :** जीओएटी इंडिया टूर पर आए अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर रविवार को मुंबई पहुंचे. मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में मेस्सी का भव्य इवेंट हुआ. इस इवेंट में भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी सुनील छेत्री भी आमंत्रित थे. हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों के बीच मेस्सी और छेत्री एक-दूसरे से मिले. इस दौरान दोनों दिग्गजों ने एक-दूसरे को गले लगाया. इसके बाद मेस्सी ने



सुनील छेत्री को 10 नंबर की जर्सी भेंट की. इस पल को देखकर स्टेडियम में मौजूद फैंस रोमांच से भर उठे. सिर्फ सुनील छेत्री ही नहीं, इस दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने भी लियोनेल मेस्सी से मुलाकात की. सचिन ने अपने 10 नंबर की जर्सी मेस्सी को भेंट की. बता दें कि मेसी के जर्सी का नंबर भी 10 है.क्रिकेट और फुटबॉल के दिग्गजों के बीच का ये संगम दर्शकों के लिए किसी अद्भुत पल से कम नहीं था. जिस तरह से लोग लियोनेल मेस्सी के नाम का शोर मचा रहे थे अचानक सचिन और छेत्री के नाम शोर से स्टेडियम गूंज उठा.

## भारत ने पहली बार स्क्वाश विश्व कप का खिताब जीता



**चेन्नई:** भारत ने स्क्वाश विश्व कप के फाइनल में रविवार को हांगकांग को 3-0 से हराकर पहली बार इस खिताब को जीत इतिहास रच दिया। भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला एशियाई देश बन गया। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में कांस्य पदक जीतना था। यह खिताबी जीत भारतीय स्क्वाश के लिए निश्चित रूप से अच्छी खबर है क्योंकि यह खेल लॉस एंजिल्स 2028 में ओलंपिक में अपना पदार्पण करने जा रहा है। मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने बिना कोई मैच हारे खिताब अपने नाम किया। ग्रुप चरण में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को समान 4-0 के अंतर से हराने के बाद भारत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के चैंपियन मिस्र को 3-0 से हराया। विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज जोशना चिनप्पा ने 37वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली का यी पर 3-1 कीउलटफेर भरी जीत से फाइनल में भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह (विश्व रैंकिंग में 29) ने 42वें स्थान पर काबिज एलेक्स लाउ को 3-0 से जबकि 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज टोमाटो हो को इसी अंतर से हराकर भारत के लिए खिताब पक्का कर दिया।

## भारत ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को हराया

### भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप अंडर-19 मैच में हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार रखी



**दुबई:** भारत ने ऑलराउंडर कनिष्क चौहान और तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत रविवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान को 90 रन से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.1 ओवर में 240 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें आरोन जॉर्ज ने 85 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान आयुष म्हात्रे (38) और चौहान (46) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके बाद 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम शुरुआती झटकों से नहीं उबर पाई और 41.2 ओवर में 150 रन पर ऑल आउट हो गई। भारत ने तेज शुरुआत की जिसमें कप्तान म्हात्रे ने 25 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। लेकिन मोहम्मद सैयाम ने पहले 10 ओवर के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इसके बाद जॉर्ज ने पारी को संभाला। वह लगातार गैप ढूंढकर रन जुटाते रहे जिससे बीच के ओवरों में उन्होंने स्थिरता बनाए रखी। चौहान ने आखिरी ओवरों में तेज बल्लेबाजी जिसमें तीन छक्के शामिल थे और भारत को नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद 230 रन के पार पहुंचाने में मदद की। पाकिस्तान के लिए सैयाम ने 67 रन देकर और अब्दुल सुभान ने 42 रन देकर तीन तीन विकेट झटके जबकि निकाब शफीक ने दो विकेट लिए। पाकिस्तान की पारी की शुरुआत खराब रही। उसके 30 रन के स्कोर पर चार विकेट गिर गए जिसमें देवेंद्रन ने शुरुआती स्पैल में तीन विकेट लिए। कप्तान फरहान यूसुफ (23) और हुजैफा अहसान ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन चौहान की धारदार ऑफ-स्पिन ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। अहसान पाकिस्तान के लिए 83 गेंद में 70 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई साथ नहीं मिला। चौहान ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि देवेंद्रन ने 16 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जिससे भारत ने मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी और ग्रुप ए के इस महत्व-पूर्ण मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने टॉस के समय और मैच के बाद एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया जिससे हाल में खत्म हुए एशिया कप 2025 के दौरान भारतीय पुरुष टीम द्वारा अपनाए गए 'नो-हैंडशेक' का प्रोटोकॉल जारी रहा।



## ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए व्यवहार में बदलाव आवश्यक: राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि देश के सभी क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता लाने के लिए हर नागरिक में व्यवहारिक परिवर्तन बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति के साथ संतुलित जीवन शैली अपनाने की चेतना भारत की सांस्कृतिक परंपरा का मूल है। यही विचार 'लाइफस्टाइल फॉर एन्वायरनमेंट - लाइफ' के माध्यम से पूरी दुनिया तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा, "भारत के ऊर्जा परिवर्तन की सफलता के लिए हर क्षेत्र और हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सभी क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता लाने के लिए व्यवहार में बदलाव बेहद जरूरी है।' राष्ट्रपति ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण सबसे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा का सबसे विश्वसनीय स्रोत है। ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ऊर्जा का बुद्धिमानी से, जिम्मेदारी से और कुशलता से उपयोग करना है।



उन्होंने कहा, 'जब हम अनावश्यक विद्युत उपकरणों के उपयोग से बचते हैं, ऊर्जा-कुशल उपकरण अपनाते हैं, घरों और कार्यस्थलों में प्राकृतिक प्रकाश और वेंटिलेशन का उपयोग करते हैं या सौर और नवीकरणीय ऊर्जा विकल्प अपनाते हैं, तो हम न केवल ऊर्जा बचाते हैं बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कम करते हैं।' राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि ऊर्जा संरक्षण स्वच्छ हवा, सुरक्षित जल स्रोत और संतुलित परिवेश बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## मेमोरी चिप की कमी, कमजोर रुपये के कारण जनवरी से टीवी हो सकते हैं महंगे

**नयी दिल्ली:** मेमोरी चिप की बढ़ती लागत और रुपये के अवमूल्यन के कारण अगले साल जनवरी से टेलीविजन की कीमतों में तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। रुपये का मूल्य हाल ही में पहली बार 90 प्रति डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। रुपये में गिरावट ने उद्योग को असुरक्षित स्थिति में डाल दिया है, क्योंकि एक एलईडी टीवी में घरेलू मूल्य संवर्धन केवल लगभग 30 प्रतिशत है और मुख्य घटक जैसे ओपन सेल, सेमीकंडक्टर चिप और मदरबोर्ड आयात किए जाते हैं। इसके अलावा यह समस्या मेमोरी चिप संकट से भी जुड़ी हुई है, जहां एआई सर्वरों के लिए हाई-बैंडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) की भारी मांग के कारण



वैश्विक स्तर पर गंभीर कमी हो गई है, जिससे सभी प्रकार की मेमोरी (डीआरएएम, फ्लैश) की कीमतें आसमान छू रही हैं। चिप विनिर्माता कंपनियां उच्च लाभ वाले एआई चिप पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिससे टीवी जैसे पारंपरिक उपकरणों के लिए आपूर्ति कम हो रही है। हायर अप्लायंसेज इंडिया के अध्यक्ष एन एस सतीश ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मेमोरी चिप की कमी और कमजोर रुपये के कारण एलईडी टीवी सेटों की कीमतों में तीन प्रतिशत की वृद्धि होगी। कुछ टीवी विनिर्माताओं ने कीमतों में संभावित वृद्धि के बारे में अपने डीलरों को पहले ही सूचित कर दिया है। थॉमसन, कोडक और ब्लाउपुंक्ट सहित कई वैश्विक ब्रांडों के लाइसेंस रखने वाली टीवी विनिर्माता कंपनी सुपर प्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (एसपीपीएल) ने कहा, "पिछले तीन महीनों में मेमोरी चिप की कीमतों में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।" एसपीपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अवनीत सिंह मारवाह के अनुसार, मेमोरी चिप संकट और रुपये के अवमूल्यन के प्रभाव के कारण जनवरी से टेलीविजन की कीमतों में सात से 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

### न्यूज अपडेट

#### ईडी का 2026 की शुरुआत तक पुराने फेरा मामलों को निपटाने का लक्ष्य

**नयी दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा) के तहत दर्ज मामलों को निपटाने का फैसला किया है। यह कानून 25 साल से अधिक पहले 1998 में खत्म कर दिया गया था। वर्ष 1973 के आपराधिक प्रावधानों से युक्त फेरा कानून की जगह जून 2000 में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) ने लिया, जो एक दीवानी कानून है। अधिकारियों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने ऐसे करीब 400-500 मामलों की पहचान की है, जिनमें फेरा के तहत विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों को तेजी से निपटाया जा सकता है। इन मामलों में आरोपी व्यक्ति की या तो मृत्यु हो चुकी है, या उनका कोई पता नहीं है, जिन संपत्तियों को लेकर सवाल थे, वे नीलाम हो चुकी हैं या अब हैं ही नहीं। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रक्रिया को अगले कुछ महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, और 2026 की पहली तिमाही तक यह काम पूरा हो सकता है। फेरा के तहत आखिरी कारण बताओ नोटिस मई 2002 में जारी किए गए थे।

#### आरबीआई ने बैंकों को एमएसएमई ऋण को बाहरी मानक से जोड़ने की सलाह दी: सरकार

**नयी दिल्ली:** मौद्रिक नीति के संचरण में सुधार लाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को एमएसएमई को दिए जाने वाले ऋणों को एक बाहरी मानक से जोड़ने की सलाह दी है। सरकार ने संसद को यह जानकारी दी है। बाहरी मानक प्रणाली के तहत ऋणों के पुनःनिर्धारण की अवधि को तीन महीने कर दिया गया है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा में लिखित उत्तर में बताया कि मौजूदा उधारकर्ताओं को बाहरी मानक आधारित ब्याज दर का लाभ उपलब्ध कराने के लिए, बैंकों को परस्पर सहमति से परिवर्तन का विकल्प प्रदान करने की सलाह दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार, भारतीय मानक ब्यूरो और उपभोक्ता मामले के विभाग के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू करती है, जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए छूट और राहत शामिल होती है, ताकि इन आदेशों से घरेलू उत्पादन बाधित न हो।

#### एआई क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी क्षमताओं के मामले में भारत तीसरे स्थान पर: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली:** स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के 'ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल' की हालिया रिपोर्ट में भारत ने कृत्रिम मेधा (एआई) में विश्व की प्रतिस्पर्धी क्षमताओं के मामले में तीसरा स्थान हासिल किया है। 'ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल' शोध एवं विकास, प्रतिभा, अवसंरचना सहित सात प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति का आकलन करता है। नवंबर में जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने चार स्थान की छलांग लगाई है और कृत्रिम मेधा में प्रतिस्पर्धी क्षमता के मामले में ब्रिटेन के साथ-साथ एशिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और जापान को पीछे छोड़ दिया है। वर्ष 2024 के 'ग्लोबल वाइब्रेंसी' सूचकांक में भारत 21.59 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

## दो साल में योनो ऐप के उपयोगकर्ताओं को दोगुना कर 20 करोड़ करने का लक्ष्य: एसबीआई चेयरमैन



**नयी दिल्ली:** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस सेठी ने कहा कि बैंक सोमवार को योनो ऐप का नया संस्करण पेश करने के साथ अगले दो वर्षों में इसके उपयोगकर्ता आधार को दोगुना कर 20 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उन्होंने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि 'योनो 2.0' एक बड़ा अपग्रेड है, जो ग्राहकों को बेहतर अनुभव देगा और बैंक के लिए एक मजबूत डिजिटल मंच उपलब्ध कराएगा। इसकी सभी विशेषताएं 6-8 महीनों में चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा, 'बैंक के नजरिए से योनो 2.0 डिजिटलीकरण का एक अहम आधार है, जिसमें इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के लिए एक समान कोड है। इससे सभी चैनलों में निर्बाध एकीकरण संभव हुआ है और एसबीआई को नए उत्पाद तेजी से पेश करने में मदद मिलेगी। बैंक योनो 2.0 का उपयोग अपनी डिजिटल मौजूदगी और ग्राहक जुड़ाव बढ़ाने के लिए करना चाहता है।" उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि योनो 2.0 में खाता खोलने या किसी भी अन्य लेनदेन के दौरान इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और शाखा चैनलों पर एक समान और निर्बाध अनुभव सुनिश्चित होगा।

## दिसंबर में एफपीआई ने इक्विटी से 17,955 करोड़ रुपये निकाले, 2025 में कुल निकासी 1.6 लाख करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली:** विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले दो हफ्तों में भारतीय शेयर बाजार से 17,955 करोड़ रुपये निकाले हैं, जिससे 2025 में अब तक कुल निकासी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह भारी निकासी नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी के बाद हुई है, जिससे घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव बना हुआ है। अक्टूबर में थोड़े समय के लिए यह रुझान थमा था, जब विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14,610 करोड़ रुपये का निवेश किया और तीन महीनों से जारी भारी बिकवाली का सिलसिला टूटा था। इससे पहले एफपीआई ने सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

वर्ष 10, पूर्णांक 3443 अंक 253, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in